*  ओड़िशा संस्करण

23 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 212

मणिपुर के इंफाल में फिर हिंसा, उपद्रवियों ने कई घर फूंके, सेना बुलायी गयी, कर्फ्यू भी लगा









## कर्नाटक में सत्ता मिलते ही बदल गया कांग्रेस का मिजाज

# विधानसभा का किया शुद्धिकरण गोमूत्र छिड़का, हनुमान चालीसा पढ़ी

- भड़के मुसलमानों ने पूछा : पवित्र कुरआन शरीफ और बाइबिल क्यों नहीं पढ़ी गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की सत्ता हासिल होते ही कांग्रेस की पूरी कार्यशैली बदल गयी है। सोमवार को उसके कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक विधानसभा का शुद्धिकरण अनुष्ठान किया। सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं के एक समूह को एक पुजारी के साथ विधानसभा के सामने गोमूत्र छिड़क कर सफाई करते हुए देखा गया। नयी विधानसभा के तीन दिवसीय सत्र की शुरुआत से पहले की जानेवाली रस्मों के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता गोमूत्र छिड़क रहे थे। भाजपा पर भ्रष्टाचार से विधानसभा को प्रदूषित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने के बाद विधानसभा को गोमूत्र से शुद्ध करने का वादा किया था। हालांकि कार्यक्रम में कांग्रेस का कोई मंत्री या विधायक शामिल नहीं हुआ। अनुष्ठान में शामिल कार्यकर्ताओं ने बाद में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। आयोजन में शामिल एक कांग्रेस नेता ने मीडिया को बताया कि विधानसभा को शुद्ध करने के लिए यह अनुष्ठान किया गया, जिसे भाजपा की '40 प्रतिशत' सरकार ने प्रदूषित कर दिया था। उन्होंने कहा कि अनुष्ठान विधानसभा से भ्रष्ट भाजपा सरकार को धोने का प्रतीक है।

भाजपा ने इसे 'सस्ती हरकत' करार दिया है। पार्टी के एक नेता ने कांग्रेस को पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का आदेश देने की चुनौती दी। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने जनवरी में कहा था कि वह सत्ता में आने के बाद विधानसभा को डेटॉल और गोमूत्र से शुद्ध करेंगे।

**अनुष्ठान से मुसलमान नाराज :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस आयोजन से मुसलमान खासे नाराज हो गये हैं। मुसलमानों की प्रतिनिधि संस्था ने एक बयान जारी कर कहा है कि विधानसभा का शुद्धिकरण कर कांग्रेस ने अपनी धर्मनिरपेक्ष छवि पर कुठाराघात किया है। उसकी इस हरकत से राज्य के धार्मिक अल्पसंख्यक निराश हैं। उन्होंने सवाल किया कि यदि कांग्रेस खुद को धर्मनिरपेक्ष कहती है, तो फिर किसी एक धर्म के अनुरूप अनुष्ठान करने के बदले सर्वधर्म समारोह क्यों नहीं कराया गया। हनुमान चालीसा के साथ पवित्र कुरआन शरीफ और बाइबिल क्यों नहीं पढ़ी गयी।



### स्पीकर पद पर बैठने को कोई तैयार नहीं

कर्नाटक में सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के सामने अब एक नयी समस्या आ गयी है। वह है स्पीकर का चुनाव। स्थिति यह है कि कोई विधायक स्पीकर बनने को राजी नहीं है। विधायकों का मानना है कि कर्नाटक में विधानसभा स्पीकर की कुर्सी मनहूस है और जो भी वहां बैठता है, चुनाव में उसकी हार हो जाती है। कर्नाटक विधानसभअ के इतिहास में 2004 के बाद से ऐसे उदाहरण मिले हैं, जब विधानसभा अध्यक्ष रहे नेता को हार का सामना करना पड़ा या उनका राजनीतिक कॅरियर ही समाप्त हो गया। ताजा उदाहरण विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी का है। वह पिछली विधानसभा में स्पीकर थे, लेकिन इस बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। आमतौर पर सबसे वरिष्ठ सदस्य को स्पीकर बनाया जाता है, लेकिन इस बार हर कोई इनकार कर रहा है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपने वरिष्ठ साथी जी परमेश्वर को स्पीकर की कुर्सी पर बैठाना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। अब कांग्रेस खेमे में चर्चा है कि बीआर पाटिल, वाइएन गोपालकृष्ण, टीबी जयचंद्र या एचके पाटिल में से किसी को यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

## सीएम हेमंत ने जुडको अधिकारियों संग की बैठक

# अल्बर्ट एक्का चौक से कचहरी चौक तक की बदलेगी सूरत



- आसपास के क्षेत्र के पुनर्विकास का मास्टर प्लान तैयार
- मल्टीलेवल पार्किंग के साथ बनेगा अंडर बाइपास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर कचहरी चौक और इसके आसपास के इलाकों की सूरत बदलने वाली है। मूलभूत सुविधाओं के साथ यहां लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इसकी कवायद जारी है। दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड अर्बन इन्फ्राट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जुडको के अधिकारियों ने प्रस्तावित सौंदर्यीकरण के मास्टर प्लान का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन रखा। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव सह नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे, जुडको के प्रोजेक्ट डायरेक्टर टेक्निकल गोपाल जी, प्रोजेक्ट मैनेजर प्रत्यूष चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**वेंडिंग जोन से लेकर बुनियादी ढांचों का होना है सौंदर्यीकरण :** जुडको ने अल्बर्ट एक्का चौक से कचहरी चौक और आसपास के क्षेत्र में मौजूदा सड़क और बुनियादी ढांचे का सौंदर्यीकरण तथा पुनर्विकास कार्यों से संबंधित मास्टर प्लान तैयार किया है। मास्टर प्लान के तहत उक्त क्षेत्रों में मुख्य रूप से वेंडिंग जोन के साथ तीन मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया जायेगा। ग्रीन एरिया का विस्तारीकरण होगा। विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण कार्य और कचहरी चौक से जेल चौक तक अंडर बाइपास रोड का निर्माण सहित विभिन्न बुनियादी ढांचों के सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य किया जायेगा।

**ससमय योजनाओं को पूरा करने का सीएम ने दिया निर्देश**
मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कार्य योजना के मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी ली। मास्टर प्लान के प्रत्येक पहलुओं को गहराई से समझा और अपनी ओर से कई आवश्यक सुझाव और दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये। सीएम ने जुडको के अधिकारियों से कहा कि हमारी सरकार रांची वासियों को सुरक्षित, सुगम और गुणवत्तापूर्ण सड़कें मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। रांची की कई महत्वपूर्ण सड़कों पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य प्रगति पर है। शहर के बुनियादी ढांचे को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। जुडको आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रांची शहर के बुनियादी ढांचों के विकास के लिए ठोस और बेहतर कार्य योजना बनाकर ससमय योजनाओं को पूरा करे।

**जाम की स्थिति से मिलेगी राहत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्बर्ट एक्का चौक से कचहरी चौक तथा रातू रोड चौक से कचहरी होते हुए जेल चौक तक सड़कों का चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाना बेहद जरूरी है। रांची की इन प्रमुख सड़कों में ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। प्रत्येक दिन जाम की स्थिति बनती है। इन सड़कों को व्यवस्थित कर लोगों को जाम की स्थिति से बचाया जा सकेगा तथा राहगीरों का समय और पैसा दोनों बचेगा।

# पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप सात दिन की एनआइए रिमांड पर

## कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया : गोपनीय स्थान पर की जा रही है पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआइए कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। दिनेश गोप के चेहरे को ढंक कर रखा गया था। पेशी के बाद कोर्ट ने दिनेश गोप को सात दिन की एनआइए रिमांड की मंजूरी दी। एनआइए ने 15 दिनों के रिमांड की मांग की थी। इस पर दिनेश गोप के वकील ने कड़ा एतराज जताया। रिमांड के दौरान एनआइए उससे संगठन से जुड़े कई अहम सवाल और दूसरे नक्सलियों के ठिकाने की जानकारी भी मांगेगी।



**गुमला पुलिस भी रिमांड पर लेगी :** दिनेश गोप को गुमला पुलिस भी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। गुमला जिले के किन-किन थानों में दिनेश गोप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है और किन कांडों को उसने अंजाम दिया है, उसकी लिस्ट भी तैयार की जा रही है, ताकि रिमांड पर लेकर सभी मामलों में पूछताछ की जा सके। गुमला के पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ने कहा कि गुमला जिले के कामडारा थाना में 13, बसिया में दो और गुमला थाना में भी दिनेश गोप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। इन मामलों में उससे पूछताछ की जायेगी।

**नेपाल से पकड़ा गया था दिनेश गोप :** पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के सुप्रीमो दिनेश गोप को शनिवार को एनआइए ने गिरफ्तार किया था। खूंखार नक्सली को पड़ोसी देश नेपाल से गिरफ्तार किया गया था। रविवार शाम साढ़े पांच बजे कड़ी सुरक्षा के बीच उसे दिल्ली से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बाहर लाया गया। दिनेश गोप की गिरफ्तारी एनआइए की बड़ी उपलब्धि है। उसने झारखंड में 20 साल से आतंक मचा रखा था। बार-बार वह पुलिस को चकमा दे रहा था। उसने झारखंड में कम से कम दो सौ आपराधिक मामलों को अंजाम दिया है। लेबी के लिए किसी की हत्या करना, बात न मानने पर किसी को भी मौत के घाट उतार देना उसका शगल बन गया था। रांची, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा और अन्य जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों में वह अपनी समानांतर सरकार चला रहा था। उसकी बातों की अवहेलना करने के मतलब था मौत को गले लगाना। सच तो यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ पुलिसकर्मी भी दिनेश गोप से डरते थे। सूचना होने के बावजूद अचानक उसे घेरने की जोखिम नहीं उठा सकते थे। पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती यही थी कि कोई भी ग्रामीण दिनेश गोप के बारे में उसे कोई सूचना नहीं देता था। यही कारण था कि बीस साल तक वह आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती देता रहा।

## पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया पहुंचे : लगे 'भारत माता की जय' के नारे

# हैरिस पार्क अब से 'लिटिल इंडिया' के नाम से जाना जायेगा

एजेंसी

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रेलिया पहुंच गये हैं। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी जापान में जी-7 की बैठक में शिरकत करने के बाद हिंद प्रशांत महासागर के देश पापुआ न्यू गिनी पहुंचे, जहां के प्रधानमंत्री ने उनका शानदार स्वागत किया। पापुआ न्यू गिनी से प्रधानमंत्री सीधे ऑस्ट्रेलिया के लिए निकले। प्रधानमंत्री मोदी के ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज काफी उत्सुक हैं और उन्होंने बयान जारी कर पीएम मोदी के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खुशी जाहिर की है। प्रवासी भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में गीत गाये। लोगों ने पीएम मोदी के स्वागत कार्यक्रम में 'भारत माता की जय' के नारे लगाये। सबसे खास बात यह है कि पीएम मोदी के इस दूसरे दौरे के सम्मान में सिडनी के हैरिस पार्क का नाम बदल दिया गया है। अब इसका नाम 'लिटिल इंडिया' कर दिया गया है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री गवर्नर जनरल डेविड हर्ले से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी प्रमुख सीइओ से भी मिलेंगे और यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज भी प्रधानमंत्री मोदी के लिए रात्रि भोज की मेजबानी करेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में संपन्न पापुआ न्यू गिनी यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह पहला दौरा था। वहां एफआइपीआइसी शिखर सम्मेलन क्षेत्रीय प्राथमिकताओं पर अपने विचार साझा करने का एक अवसर रहा। वहां प्रधानमंत्री को देश के सर्वोच्च पुरस्कार से भी नवाजा गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पपुआ न्यू गिनी दौरे के आखिरी चरण में न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस हिपकिंस से मुलाकात की। मोदी ने खुद ट्वीट कर कहा कि उन्होंने हिपकिंस के साथ एक बैठक में हिस्सा लिया और भारत-न्यूजीलैंड संबंधों पर चर्चा की।

## बैंकों में भीड़ नहीं लगाने की अपील की

# 30 सितंबर के बाद भी वैध रहेंगे 2000 के नोट


आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक सर्कुलर जारी कर साफ कर दिया है कि वह दो हजार रुपये के नोटों को वापस लेगा, लेकिन इससे आम लोगों को परेशान होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। रिजर्व बैंक ने क्लीन नोट पॉलिसी के तहत यह फैसला लिया है।

बता दें कि 30 सितंबर तक इन नोटों को बैंक में वापस किया जा सकता है। इस मामले में रिजर्व बैंक ने दिशा-निर्देश भी जारी कर दिये हैं। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि लोग बेवजह बैंक में भीड़ न लगायें। नोट वापसी के लिए चार महीने का समय दिया गया है, जो पर्याप्त है।

उन्होंने कहा कि चार महीने का समय दिया गया है। आम लोग आराम से नोट बदलें। बैंक में भीड़ न लगायें। रिजर्व बैंक ने इसलिए समय सीमा दी है, ताकि लोग इसे गंभीरता से लें। जिन लोगों के नोट तय डेडलाइन पर नहीं जमा हो सकेंगे या बदले नहीं जा सकेंगे, उस पर बाद में फैसला लिया जायेगा। दास ने आगे कहा कि किसी भी तरह की परेशानी आने पर रिजर्व बैंक उसे दूर करेगा। रिजर्व बैंक भी बैंकों के जरिये इस प्रक्रिया पर नजर रखेगा। इसमें चिंता करने की कोई बात नहीं है। करेंसी मैनेजमेंट ऑपरेशन के तहत दो हजार के नोटों को सर्कुलेशन से हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। बाजार में दूसरे नोटों की कमी बिल्कुल भी नहीं रहेगी। छोटी-मोटी दुकानों में पहले से ही दो हजार रुपये के नोट नहीं लिये जाते थे।

रिजर्व बैंक ने पहले ही कहा है कि 30 सितंबर के बाद भी दो हजार के नोट वैध बने रहेंगे। 30 सितंबर तक ज्यादातर नोट रिजर्व बैंक के पास आ जायेंगे और फिर इस पर फैसला लिया जायेगा।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# ममता-अखिलेश की कांग्रेस से दूरी का असली कारण है 'वोट बैंक'

## कर्नाटक में कांग्रेस को मुस्लिम वोट मिलने से सपा-टीएमसी की नींद उड़ी

## 2024 के लिए नये सियासी समीकरण की जमीन तैयार हुई कर्नाटक से

आजाद सिपाही विशेष

**दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार कहे जानेवाले कर्नाटक में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव के परिणाम ने देश की सियासत को कई सबक सिखाये हैं। इस चुनाव ने जहां देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को संजीवनी की नयी खुराक दी है, तो वहीं दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा को चुनाव जीतने की रणनीति पर नये सिरे से विचार करने को कहा है। इन सबसे इतर जो सबसे बड़ा संदेश कर्नाटक ने दिया है, वह है वोट बैंक के इधर से उधर होने का। कांग्रेस के प्रति दो बड़े क्षेत्रीय दलों, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के नजरिये को इसी वोट शिफ्ट से समझा जा सकता है। कर्नाटक में जिस तरह मुस्लिम वोटरों ने थोक में कांग्रेस को वोट दिया, उससे यह संकेत मिलता है कि धार्मिक अल्पसंख्यकों का यह समुदाय एक बार फिर कांग्रेस की तरफ आकर्षित हो रहा है। विकल्प के रूप में क्षेत्रीय दल जेडीएस वहां मौजूद था, लेकिन मुसलमानों ने कांग्रेस के प्रति विश्वास जताया। वोट बैंक के इस शिफ्ट का सीधा असर सपा और टीएमसी की राजनीति पर पड़ेगा, क्योंकि कांग्रेस से छिटके इस वोट बैंक की फसल यही दोनों दल काट रहे थे। आप भी ऐसी ही फसल काट रहा है। ऐसे में इन दलों को चिंता यह हो गयी है कि यदि मुस्लिम वोट बैंक कांग्रेस की तरफ चला गया, तो उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। वोटों का यही समीकरण मुख्य रूप से इन तीन क्षेत्रीय दलों (सपा, टीएमसी और आप) को कांग्रेस से दूर रहने के लिए विवश कर रहा है। इस नजरिये से कर्नाटक विधानसभा चुनाव ने सियासत के मैदान में नये समीकरणों की संभावनाओं को जन्म तो दिया ही है, साथ ही 'दुश्मन का दुश्मन दोस्त' वाली कहावत को सच साबित करने की जमीन भी तैयार कर दी है। वैसे कहा जाता है कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता, लेकिन 2024 के आम चुनाव के लिए जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें कर्नाटक चुनाव परिणाम से पैदा हुए इस समीकरण की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो सकती है। इस नये राजनीतिक समीकरण के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह







कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद देश की कई क्षेत्रीय पार्टियां हैं, खासकर जिन्हें भाजपा से परहेज है, उनकी हालत यह हो गयी है कि न तो वे ठीक से मुस्कुरा ही पा रही हैं न ही दुख जताने की स्थिति में हैं। जी हां, आपने तो सुना ही होगा कि जब कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद की शपथ के लिए क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं को न्योता गया था, तो उनमें से अधिकांश नेता उस समारोह में शामिल नहीं हुए। जैसे ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल। कहते हैं, अरविंद केजरीवाल को तो कांग्रेस ने बुलाया ही नहीं था, लेकिन ममता और अखिलेश निमंत्रण पत्र मिलने के बाद भी वहां नहीं गये। यह चौंकानेवाला है, क्योंआज की तारीख में विपक्षी एकता की ये दोनों धुरी भी माने जाते हैं।

हालांकि कर्नाटक में भाजपा चुनाव तो हार गयी, लेकिन उसे उतने ही वोट मिले, जितने पिछले विधानसभा चुनाव में मिले थे। उसका 36 प्रतिशत वोट शेयर इंटैक्ट ही रहा। फर्क यही रहा कि कांग्रेस पार्टी को सात प्रतिशत वोट ज्यादा मिल गया। इन सात प्रतिशत में लगभग पांच प्रतिशत वोट जेडीएस से छिटक कर कांग्रेस में आया। इस पांच प्रतिशत में सबसे बड़ा हिस्सा मुस्लिम वोटरों का है। छोटा सा हिस्सा वोक्कालिगा समाज का भी है। एससी और एसटी ने तो कांग्रेस को वोट दिया ही। एसटी की 16 आरक्षित सीटों में से भाजपा को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। लेकिन बात यहां भाजपा की हार और कांग्रेस की जीत की नहीं है। बात यहां मुस्लिम वोटरों की कांग्रेस पर फिर से पूर्ण भरोसे की है। कर्नाटक चुनाव ने यह साबित कर दिया कि मुस्लिम वोटरों को अब भरोसा हो चला है कि भाजपा को अगर कोई पार्टी चुनौती दे सकती है, तो वह कांग्रेस है। इसी बात से ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव, नीतीश कुमार की नींद खराब हुई है। दरअसल, कर्नाटक विधानसभा चुनाव में नौ मुस्लिम उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की और ये सभी कांग्रेस से हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटों में से 135 सीटें जीत कर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बीजेपी ने महज 66 सीटें हासिल कीं, जिसके कारण उसे राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी। चुनाव परिणामों से यह संदेश भी गया कि मुस्लिम वोट कांग्रेस के पक्ष में एकजुट हुआ।

जनता दल सेक्यूलर, कर्नाटक की एक पार्टी या यूं कहें एचडी देवेगौड़ा की पार्टी है, जो जनता दल से निकली हुई है। कर्नाटक में उसका जनाधार दो तरह के वोटरों पर टिका था। वोक्कालिगा समुदाय, जिससे एचडी देवेगौड़ा खुद आते हैं और दूसरा मुस्लिम वोट। यहां समझनेवाली बात यह है कि ये दोनों वोटर कांग्रेस की जीत का कारण भी बने। जेडीएस की पूरी राजनीति ही मुस्लिम और वोक्कालिगा समाज पर टिकी थी। दोनों में कांग्रेस ने सेंध लगायी। वोक्कालिगा समाज का कांग्रेस के साथ जुड़ना तो समझ में आता है, चूंकि डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने की संभावना थी, इसलिए वोक्कालिगा समाज के लोगों ने कांग्रेस को ज्यादा वोट दिया। लेकिन जिस प्रकार से जेडीएस को वहां के मतदाताओं ने हाशिये पर धकेल दिया, उससे एक आशंका क्षेत्रीय दलों में बन रही है कि कहीं देश के अन्य राज्यों में भी कांग्रेस मुसलिम वोटों में सेंधमारी न कर ले। कर्नाटक चुनाव परिणाम से खासकर ममता बनर्जी और अखिलेश यादव ज्यादा चिंतित हैं, जिनकी राजनीति ही मुस्लिम वोटरों पर टिकी है। अब सवाल उठने लगा है कि क्या कर्नाटक के चुनाव परिणाम और खासकर एक वर्ग के वोटरों के रुझान से ये दोनों नेता डर तो नहीं गये हैं। कहीं इसी कारण से तो ये दोनों नेता सिद्धारमैया की ताजपोशी में शामिल नहीं हुए। इन दोनों नेताओं की परशानी यही है कि अगर कर्नाटक की तर्ज पर मुस्लिम वोट विभाजित हुए, कांग्रेस के खाते में मुस्लिम वोट ज्यादा पड़े, तो उनकी राजनीति तो गयी, क्योंकि ये वोटर तो कांग्रेस के ही थे। जमीन तो कांग्रेस की ही थी, जिसकी फसल सपा और टीएमसी जैसे क्षेत्रीय दल आज काट रहे हैं। सपा के साथ तो यादव वोटर भी हैं, लेकिन भाजपा यादव वोटरों में सेंध लगाने में सक्षम है। ममता क्या करेंगी, यही डर है। अगर कांग्रेस मजबूत हुई, तो ऐसी क्षेत्रीय पार्टियों का जनाधार घटेगा। फायदा किसे मिलेगा, आप बखूबी समझ सकते हैं। भाजपा को। जिस तरह से कांग्रेस राहुल गांधी को पीएम उम्मीदवार के रूप में फिर से लांच कर रही है, उससे ममता, केजरीवाल, केसीआर, नीतीश कुमार में बेचैनी बढ़ रही होगी। भाजपा ने तो अब अपना रास्ता साफ कर दिया है। मोदी ने भी संकेत दे ही दिये हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा हिंदुत्व के मुद्दे पर ही लड़ेगी। राम मंदिर का ब्रह्मास्त्र भाजपा की तरकश में आ चुका है। उसे भेदना भारत में तो किसी के बूते की बात नहीं। साफ है कर्नाटक चुनाव परिणाम का असर लोकसभा चुनाव में तो नहीं पड़नेवाला। हां, भाजपा के लिए सतर्क रहने का विषय हो सकता है। कांग्रेस को संजीवनी का एक हिस्सा मिल सकता है, लेकिन दिक्कत विपक्षी एकता में पड़ चुकी दरार की है, जी अभी तो दिखाई नहीं दे रही, लेकिन अगर हथौड़ा जरा जोर का पड़ा, तो पूरी की पूरी दीवार जरूर गिरी हुई दिखाई पड़ेगी।

ऐसा है कि जिस तरह से कांग्रेस ने राहुल गांधी को पीएम उम्मीदवार के लिए प्रोजेक्ट करना शुरू कर दिया है और उन्हें अगर ममता, अखिलेश, केसीआर, नीतीश, तेजस्वी की पार्टियों का समर्थन प्राप्त हो गया, तो मुस्लिम वोटरों में साफ संदेश जायेगा कि कांग्रेस फिर से मजबूत हो रही है। राष्ट्रीय स्तर पर कोई पार्टी अगर भाजपा को चुनौती दे सकती है, तो वह कांग्रेस दे सकती है। इन क्षेत्रीय पार्टियों का मुस्लिम वोट कांग्रेस की तरफ शिफ्ट हो जायेगा, जो कांग्रेस के लिए हितकारी तो होगा, लेकिन इन पार्टियों की राजनीतिक जमीन हिल जायेगी। वैसे भी कांग्रेस को विधानसभा चुनाव की तुलना में मुस्लिम वोट लोकसभा चुनाव में ज्यादा मिलता है। खासतौर पर ऐसे राज्यों में, जहां भाजपा और कांग्रेस की सीधी लड़ाई है।

यहां गौर करनेवाली बात यह है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव का नतीजा जिस दिन आया, उसी दिन उत्तरप्रदेश में निकाय चुनाव के भी नतीजे आये। मेरठ, जो चुनावों के समय, वह चाहे विधानसभा का हो, लोकसभा का हो या निकाय चुनाव हो, ध्रुवीकरण के लिए मशहूर है, वहां चुनावों में सपा और बसपा का उम्मीदवार भाजपा से सीधा लड़ता रहा है। अगर मुस्लिम वोटरों का ध्रुवीकरण हुआ, तो सपा या बसपा का जो भी मजबूत उम्मीदवार हो, जीत जाता था। लेकिन इस बार वहां नंबर दो जो उम्मीदवार बना, वह ओवैसी की पार्टी का रहा। यहां भी मुस्लिम वोट सपा, बसपा और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम में बंट गया। अखिलेश के लिए यह मैसेज आंख खोलनेवाले से कम नहीं होगा। अखिलेश का 'एमवाइ' समीकरण खतरे में पड़ सकता है, क्योंकि जिस दिन मुस्लिम वोटरों को लगेगा कि कांग्रेस मजबूत हो रही है, तो वे कांग्रेस के साथ ही जायेंगे। वोट बंटेगा, तो उसका सीधा नुकसान उन पार्टियों को ही होगा, जिनकी राजनीतिक जमीन ही कांग्रेस से छिटके वोटों पर टिकी है। सूत्रों की मानें, तो अखिलेश की समाजवादी पार्टी, ममता की टीएमसी, केसीआर की बीआरएस और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी मिल कर कोई रणनीति बनाने में जुटी है। हालांकि, ममता ने कर्नाटक चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस की तरफ थोड़ी नरमी दिखाते हुए कहा था कि टीएमसी कांग्रेस को समर्थन देने के लिए तैयार है, लेकिन वह ये तय करे कि बंगाल में हमारे खिलाफ चुनाव नहीं लड़ेगी।

### कांग्रेस ने कर्नाटक से क्या संदेश दिया

कर्नाटक दक्षिण का बड़ा दुर्ग था। कर्नाटक में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करनेवाली कांग्रेस ने बेंगलुरु में अपना शक्ति प्रदर्शन किया और यह संदेश देने की कोशिश की कि वह बीजेपी के खिलाफ विपक्ष का नेतृत्व करेगी। 2024 में बीजेपी का मुकाबला करना है, तो पार्टियां उसके साथ आयें। पिछले कुछ समय से कई दल कांग्रेस को तवज्जो देने की बजाय नसीहत देते दिख रहे थे। ऐसे में अब तक कांग्रेस बैकफुट की मुद्रा में थी। हिमाचल के बाद कर्नाटक में मिली जीत ने कांग्रेस में नयी ऊर्जा का संचार किया है। इस जीत से कांग्रेस को अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने में मदद मिलेगी। राजनीतिक जानकारों की मानें, तो कर्नाटक की जीत से कांग्रेस को 2024 चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी का चेहरा आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, क्योंकि यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा, मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और गुजरात चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन ने कई सवाल खड़े कर दिये थे। पार्टी में बिखराव के साथ गुटबाजी उभर कर सामने आ रही थी। ऊपर से सचिन पायलट और अशोक गहलोत का विवाद कांग्रेस की किरकिरी करा रहा था, लेकिन जिस तरीके से कांग्रेस कर्नाटक में जीती और फिर सिद्धारमैया और शिवकुमार को पार्टी हित में मना लिया, उसने पार्टी के आत्मविश्वास को बढ़ाया है।

# पलामू में गैंगरेप के आरोपी का पेड़ से लटकता मिला शव

**जहां लड़की से हुआ था सामूहिक दुष्कर्म, वहीं कुछ दूरी पर मिला आरोपित का पेड़ से लटकता शव**

**मृतक के पिता ने लगाया हत्या कर शव को लटकाने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में एक दलित लड़की से हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना में शामिल एक आरोपित की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान सचिन ठाकुर के रूप में हुई है। सोमवार को उसका शव झरगड़ा गांव में महुआ के एक पेड़ से फंदे के सहारे लटकता हुआ पाया गया। जानकारी के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गयी। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और स्थानीय लोगों की मदद से शव को उतार कर पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर पता लगाने में जुट गयी है कि मृतक सचिन की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है।

बतातें चलें कि विगत शुक्रवार को हुसैनाबाद थाना में पीड़िता की ओर से दिये गये आवेदन पर छह युवकों के खिलाफ एफआइआर दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

आरोपित की मौत की सूचना पाकर हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। सूत्रों की मानें तो जिस जगह पर लड़की से सामूहित दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था, वहां से कुछ दूरी पर ही आरोपित युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। वहीं, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बताया कि झरगड़ा कांड के चार आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सोमवार को झरगड़ा गांव के दोमुहान के समीप महुआ के पेड़ से लटका एक अन्य आरोपित का शव मिला है। उन्होंने बताया कि प्रथम द्दष्टया में घटना आत्महत्या ही प्रतीत हो रही है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। दूसरी ओर, मृतक के पिता रामजी ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे की हत्या करने के बाद शव को पेड़ से लटका दिया गया है।

# कांके थानेदार की एसटी-एससी आयोग से शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विधायक समरी लाल की पत्नी ने थानेदार पर लगाये गंभीर आरोप**

**अनीता देवी के मुताबिक कांके थाना प्रभारी दबाव बना रहे थे कि मैं ये कहूं कि समरी लाल राजस्थान से आते हैं**

**रांची।** कांके से बीजेपी के विधायक समरी लाल की पत्नी अनीता देवी ने कांके थाना प्रभारी की शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के समक्ष की है। उन्होंने कहा है कि कांके थाना प्रभारी आभास कुमार ने दुर्भावना एवं द्वेषपूर्ण भावना से ग्रसित होकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया है। अनीता देवी के मुताबिक 10 मई को रोजमर्रा की तरह वह झुंझनू जिले (राजस्थान) के उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य कर रही थीं। इसी दौरान कांके थाना प्रभारी आभास कुमार स्थानीय पुलिस के साथ आये और उनसे जानना चाहा कि वह समरी लाल की पत्नी हैं अथवा नहीं।

इंस्पेक्टर आभास कुमार ने डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी और मरीजों के बीच कहा कि मेरे पति ने रांची में रखैल रखा है, जिसके दो-तीन नाजायज औलाद भी हैं। वैसे भी तुम्हारी जाति भंगियों में ऐसी आम बात है। मैंने इसका खंडन करते हुए कहा कि मुझे अपने पति पर पूर्ण विश्वास है कि वे वैसे नहीं हैं। फिर उन्होंने कहा कि लगता है तुम्हीं दूसरी वाली है, इसलिए झारखंड में नहीं रहती हो। उन्होंने ये भी कहा कि तुम ससुराल छोड़ कर आखिर मायके में क्यों रहती हो। मैंने जबाब दिया कि उनकी विधायकी पांच वर्ष की है। मैं अपनी नौकरी के चलते मायके में रहती हूं। फिर उन्होंने कहा कि तुम अपने पति से कहो कि भंगी नीच जाति का विधायक बन गया है। वह विधायकी छोड़ दे। अनीता देवी के मुताबिक कांके थाना प्रभारी दबाव बना रहे थे कि मैं ये कहूं कि समरी लाल राजस्थान से आते हैं।

# फिर आंदोलन की तैयारी में पारा शिक्षक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नियमावली बनने के बाद अब तक प्रावधान नहीं हुए लागू, 17 जून को घेरेंगे सीएम हाउस**

**रांची।** राज्य के पारा शिक्षक, जो अब सहायक अध्यापक कहलाते हैं, एक बार फिर आंदोलन का रास्ता अपनाने की सोच रहे हैं। वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनके लिए बनायी गयी सहायक अध्यापक शिक्षक नियुक्ति नियमावली के प्रावधानों को अब तक लागू नहीं किया गया है। इस वजह से उन्हें इस नियमावली के तहत जो लाभ मिलना था, वह नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में पारा शिक्षकों के दो बड़े संघों ने रांची में बैठक कर एक बार फिर आंदोलन की घोषणा की है।

पारा शिक्षक संघ की बैठक के बाद उनसे मिली जानकारी के मुताबिक आंदोलन की तय रूपरेखा के तहत विधायकों, मंत्रियों और आखिर में मुख्यमंत्री आवास घेराव किया जायेगा। पारा शिक्षक मंत्रियों को मुख्यमंत्री आवास के घेराव का आमंत्रण पत्र भी देंगे। उन्हें सहयोग देने के लिए कहा जायेगा। आवास घेराव में पारा शिक्षक अपने बच्चों के साथ भाग लेंगे।

31 मई तक सभी जिलों में इस आंदोलन को लेकर रोडमैप तैयार करने का निर्णय लिया गया। पारा शिक्षक संघ ने तय किया है कि 2 जून को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग का घेराव किया जायेगा। इसके बाद 11 जून को झरिया, 17 जून को महागामा, 18 जून को पोड़ैयाहाट, 25 जून को दुमका, 29 जून को मधुपुर, 30 जून को बरहेट तथा 2 जुलाई को गुमला में विधायक आवास का घेराव किया जायेगा। इसी तरह 15 जुलाई को रांची स्थित कांग्रेस कार्यालय तथा 9 अगस्त को झामुमो कार्यालय का घेराव होगा। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने 4 जून को सभी मंत्रियों को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया है।

पारा शिक्षक मंत्रियों को मुख्यमंत्री आवास के घेराव का आमंत्रण पत्र भी देंगे तथा घेराव कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध करेंगे। मोर्चा ने 17 जून को मुख्यमंत्री आवास के घेराव का निर्णय लिया है। बैठक में 31 मई तक सभी जिलों में इस आंदोलन को लेकर रोडमैप तैयार करने का निर्णय लिया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 40.8 °c | 26.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |



## 24 मई को राष्ट्रपति झारखंड के नये हाइकोर्ट भवन का उद्घाटन करेंगी

# 165 एकड़ में है झारखंड हाइकोर्ट का परिसर, देश में सबसे बड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मई को झारखंड के नये हाइकोर्ट भवन का उद्घाटन करेंगी। यह भवन कई मायने में खास है। 165 एकड़ में फैला इसका परिसर क्षेत्रफल की दृष्टि से देश के सभी हाइकोर्ट के परिसरों से बड़ा है।





### सुप्रीम कोर्ट परिसर से कई गुना बड़ा है

165 एकड़ में फैला इसका परिसर सुप्रीम कोर्ट के परिसर (22 एकड़) से भी कई गुना बड़ा है। इस भव्य इमारत के निर्माण में 550 करोड़ रुपये की लागत आयी है। नये हाइकोर्ट परिसर में 500 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। दो बड़े हॉल में 1200 अधिवक्ताओं के बैठने की जगह बनायी गयी है, जबकि 540 चैंबर भी अधिवक्ताओं के लिए अलग से बनाये गये हैं। मामलों की सुनवाई के लिए 25 भव्य वातानुकूलित कोर्ट रूम बनाये गये हैं। 30 हजार वर्गफीट में लाइब्रेरी बनायी गयी है। वहीं, परिसर में 2000 वाहनों के पार्किंग की भी व्यवस्था की गयी है। राज्य सरकार से लेकर न्यायपालिका के अधिकारी तक सभी नये भवन के उद्घाटन अवसर को यादगार बनाने में जुटे हैं। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा लगातार हाइकोर्ट परिसर में चल रही तैयारियों का मुआयना कर रहे हैं। करीब 68 एकड़ में हुए हाइकोर्ट भवन के निर्माण में तीन ब्लॉक बनाये गये हैं। न्यायिक ब्लॉक में दो तल हैं। इनमें पहले तल पर चीफ जस्टिस के कोर्ट सहित कुल 13 कोर्ट का निर्माण किया गया है, जबकि दूसरे तल पर 12 कोर्ट बनाये गये हैं। अधिवक्ता चैंबर ब्लॉक, टाइपिस्ट ब्लॉक बनाया गया है। इसके अलावा 70 पुलिसकर्मियों के लिए बैरक का निर्माण भी किया गया है। महाधिवक्ता कार्यालय अलग से बनाया गया है, जिसमें महाधिवक्ता का चैंबर, चार अपर महाधिवक्ता और 95 सरकारी वकीलों के लिए चैंबर होगा। इसके अलावा इसमें 30 लोगों के बैठने के लिए कॉन्फ्रेंस हाल भी बनाया गया है। परिसर को हरा-भरा रखने के लिए कुल 4436 पौधे लगाये गये हैं। परिसर में पोस्ट कार्यालय, डिस्पेंसरी, रेलवे बुकिंग काउंटर और छोटे बच्चों के खेलने की जगह (क्रेच) का भी निर्माण किया गया है।

#### नये हाइकोर्ट भवन की खास बातें

- 165 एकड़ जमीन में फैला है परिसर, सुप्रीम कोर्ट के कैंपस से भी है कई गुना बड़ा
- 550 करोड़ रुपये की लागत से बना है भवन, लगाये गये हैं 500 सीसीटीवी कैमरे
- 1200 अधिवक्ता बैठेंगे दो हॉल में, 540 चैंबर और महाधिवक्ता भवन अलग से
- 30 हजार वर्गफीट में बनायी गयी लाइब्रेरी, 2000 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था
- 25 भव्य वातानुकूलित कोर्ट रूम बन कर तैयार, सौर ऊर्जा के भी बेहतर इंतजाम

### सौर ऊर्जा से जगमगायेगा परिसर

झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में सौर ऊर्जा का भी बेहतरीन प्रयोग दिखेगा। पूरे क्षेत्र में लगभग 60 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति सौर ऊर्जा से ही होगी। इसके लिए पार्किंग क्षेत्र में 2000 केवीए का सोलर पावर प्लांट लगाया जा रहा है। इसके अलावा पावर बैकअप देने के लिए 2000 केवी के जेनरेटर भी लगाये गये हैं, जिसमें 1500 केवी का एक और 500-500 केवी की क्षमता के दो जेनरेटर हैं।

### 30 हजार वर्गफीट में बनी लाइब्रेरी

हाइकोर्ट के नये परिसर में 30 हजार वर्गफीट में लाइब्रेरी बनायी गयी है, जिसमें करीब पांच लाख से अधिक कानूनी पुस्तकें रखी जा सकती हैं। चीफ जस्टिस कोर्ट से ठीक ऊपर बनी लाइब्रेरी में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसमें जज सहित दूसरे न्यायिक पदाधिकारी बैठ कर अध्ययन कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत से मिले आइआइएम के निदेशक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रांची के निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## कैबिनेट की बैठक 31 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 31 मई को शाम 5 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता सीएम हेमंत सोरेन करेंगे। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्ताव को मंजूरी दी जायेगी। इससे पहले 17 अप्रैल को हेमंत कैबिनेट की बैठक हुई थी। इसमें 20 प्रस्तावों पर मुहर लगी थी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** काफी संघर्ष से कार्य में सफलता, आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।
- **वृष** सरकारी विवाद से मुक्ति मिलेगी, आर्थिक क्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थिति।
- **मिथुन** भाग्य प्रबल है, सामाजिक क्षेत्र में उन्नति तथा मान-सम्मान की प्राप्ति, सेहत अच्छा रहेगा।
- **कर्क** रुके हुए कार्यों में प्रगति, पारिवारिक सुख-शांति, नौकरी में पदोन्नति होने की संभावना।
- **सिंह** लापरवाही से परेशानी, सरकारी कार्य में सफलता, अचानक धनलाभ हो सकता है।
- **कन्या** नौकरी में उन्नति, कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता, आवश्यक कार्य पूरा होगा।
- **तुला** व्यापार रोजी, रोजगार में उन्नति, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, पारिवारिक दायित्व की पूरा होगा।
- **वृश्चिक** कर्मक्षेत्र में मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि, संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्ति होगी।
- **धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, यशस्वी कार्य करने का अवसर, शत्रुओं पर विजय।
- **मकर** नयी योजनाएं बनेंगी, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, धन-द्रव्य का लाभ होगा।
- **कुंभ** कठिन परिश्रम से लाभ, कोई भी निर्णय सोच विचार कर लें, स्वजन-कुटुंबियों का सहयोग।
- **मीन** आर्थिक स्थिति में सुधार, नौकरी में बदलाव होने की संभावना, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

## इरफान अंसारी के महागामा को मिनी पाकिस्तान बताने पर सियासी बवाल

# बाबूलाल मरांडी ने कहा, यह बयान कांग्रेस और झामुमो की मानसिकता को दर्शाता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी विवादित बयानों के लिए ही मशहूर हैं। डॉ इरफान अंसारी की ताजा टिप्पणी से झारखंड की सियासत में बवाल खड़ा हो गया है। इरफान अंसारी ने इस बार विधानसभा क्षेत्र महागामा को मिनी पाकिस्तान कह दिया है। इरफान अंसारी ने कहा कि यदि बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे को हराना है तो गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से किसी मुस्लिम प्रत्याशी को उतारना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जैसे कि महागामा को मिनी पाकिस्तान कहा जाता है। मतदाताओं के नजरिए से मधुपुर, जरमुंडी और गोड्डा में भी मुस्लिम आबादी है। इरफान अंसारी के इस बयान पर उन्हें आड़े हाथों लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह बयान उनकी मानसिकता को दर्शाता है। वहीं बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो का क्या एजेंडा है, यह इरफान अंसारी के बयान में दिखता है। हालांकि, बवाल बढ़ता देख इरफान अंसारी ने यू-टर्न लिया और कहा कि उन्होंने बीजेपी का बयान दोहराया है।



### बाबूलाल ने इरफान पर बोला हमला

इरफान अंसारी को आड़े हाथों लेते हुए बीजेपी विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने महागामा विधानसभा क्षेत्र को मिनी पाकिस्तान बताया है। दरअसल, इरफान अंसारी के मन की यही वैचारिकी है, जो गाहे-बगाहे सामने आ जाती है। बाबूलाल मरांडी ने 10 जून 2022 को हुई रांची हिंसा का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि इरफान अंसारी ही थे, जिन्होंने रांची दंगों के बाद बलवाइयों को बचाया था। उन्होंने कहा कि मन में तो घोर कट्टरवाद भरा है। उन्मादी विचार भरा है। हिंदू विरोध भरा है। ऐसे में मन से सात्विक बातें नहीं निकलेंगी। बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा कि इरफान अंसारी को सांसद निशिकांत दुबे ही बेहतर जवाब दे पायेंगे। वहीं प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि ये महगामा के साथ ही देश को अपमानित करने वाला बयान है। इरफान अंसारी पर ऐसा बयान देने के लिए देशद्रोह का मामला दर्ज कराने की मांग की है।

### बाबूलाल ने न्यूज पोर्टलों के सत्यापन पर जतायी नाराजगी, बताया तुगलकी फरमान

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की ओर से मीडिया संस्थानों खासकर न्यूज पोर्टलों के वेरिफिकेशन की तैयारी पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे तुगलकी फरमान बताया है। सोशल मीडिया के जरिये अपनी भड़ास उतारी है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री का आदिवासी हितैषी होने का मुखौटा अब उत्तर चुका है। सरकार का पूरा प्रोपोगडा सिस्टम धवस्त हो चुका है। जमीन दलाली, बेरोजगारी, अवैध खनन आदि ऐसे मुद्दे जो कि आज झारखंड के गांव गांव तक पहुंच चुके हैं। ये सब मुमकिन हुआ है झारखंड के मीडिया बंधु और युवाओं के प्रयास से। झारखंड के लाखों युवा छोटे-छोटे समूह बना कर फेसबुक, यूट्यूब व्हाट्स ऐप आदि पर अपनी पीड़ा बयान कर रहे हैं। सरकार की पोल खोल रहे हैं। बाबूलाल के अनुसार सरकार ने एक तुगलकी फरमान जारी कर दिया कि तमाम ऐसे न्यूज पोर्टल का सत्यापन हो। अब इस सरकार का समय पूरा हो चुका है। फिर चाहे आप आलोचकों के खिलाफ फर्जी केस कीजिए, सत्यापन के नाम पर परेशान कीजिए या लाठी चार्ज कीजिए।

# राष्ट्रपति आगमन की तैयारियों को लेकर एडीजी ने की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर 24 मई को झारखंड आयेंगी। वह 24 से 26 मई तक झारखंड में रहेंगी। राष्ट्रपति 24 मई सुबह 8:55 बजे देवघर पहुंचेंगी। इसके मद्देनजर तैयारियों को लेकर सोमवार को एडीजी संजय आनंद लाटकर, खाद्य आपूर्ति विभाग सह राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन ने देवघर परिसदन में समीक्षा बैठक की।



बैठक में अब तक किये गये कार्यों की बिंदुवार समीक्षा के अलावा सुरक्षा-विधि व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के अलावा यातायात व्यवस्था, मेडिकल टीम, विद्युत, पेयजल, अग्निशमन, साफ-सफाई से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा की जा रही विभिन्न तैयारियों की वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

इसके साथ ही एडीजी संजय आनंद लाटकर, खाद्य आपूर्ति विभाग सचिव अमिताभ कौशल और पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन ने डीसी, एसपी के साथ मंदिर का निरीक्षण भी किया।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची के कई इलाके रेड जोन घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 से 26 मई तक तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं। ऐसे में राष्ट्रपति के रांची कार्यक्रम के मद्देनजर प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल के दो किलोमीटर की परिधि क्षेत्र को अस्थायी रूप से रेड जोन घोषित किया गया है। रांची एसएसपी किशोर कौशल ने ड्रोन नियम 2021 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अस्थायी रूप से रेड जोन घोषित किया है। रांची में कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति राजभवन में आवासन करेंगी तथा नव निर्मित उच्च न्यायालय और आइआइआइटी नामकुम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके अलावा अब तक की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर और भू-राजस्व सचिव डॉ अमिताभ कौशल हेलिकॉप्टर से मंगलवार को पहले देवघर, फिर वहां से खूंटी जायेंगे। 23 मई से राष्ट्रपति के आने-जाने वाले मार्गों पर मॉक ड्रिल किया जायेगा।

#### ये क्षेत्र हैं रेड जोन

वरीय पुलिस अधीक्षक रांची द्वारा ड्रोन नियम 2021 के नियम 22, 24 और 26 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नव निर्मित उच्च न्यायालय भवन, धुर्वा से दो किमी, जेयूटी, आइआइआइटी नामकुम से दो किमी और राजभवन से दो किमी की परिधि क्षेत्र को 24 मई से 26 मई तक अस्थायी रूप से रेड जोन घोषित किया गया है। रेड जोन में कोई भी व्यक्ति सक्षम पदाधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना ड्रोन का प्रचालन नहीं कर सकेगा।

### रिम्स में महिला ने पांच बच्चों को दिया जन्म

इटखोरी की रहनेवाली है प्रसूता, डॉक्टर की निगरानी में सभी नवजात

**रांची (आजाद सिपाही)।** कुदरत का करिश्मा भी अजीब है। आये दिन नये-नये मामले देखने को मिलते हैं। रिम्स में भी ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है। यहां चतरा जिला के इटखोरी स्थित मलकपुर गांव की रहनेवाली अनिता कुमारी ने एक साथ पांच बच्चों को जन्म दिया है। ये सुन कर घरवाले भी चकित रह गये। साथ ही जो भी ये सुन रहा है, महिला और बच्चों से मिलना चाहता है। हालांकि नवजात इस समय डॉक्टर की निगरानी में हैं, क्योंकि सभी लगभग एक किलो के हैं। सभी नवजात को नियोनेटोलॉजी विभाग में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि वजन कम है। बच्चे बहुत प्री मैच्योर हैं। इनका जन्म 26-27 हफ्ते में ही हो गया है। ऐसे में बच्चों की सही से देखभाल की जा रही है। चिकिसत्सकों ने बताया कि हम कोशिश कर रहे हैं कि सभी बच्चों को स्वस्थ कर दिया जाये। वहीं उन्होंने बताया कि इन बच्चों की मां की स्थिति ठीक है।

## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते : एक बच्ची रांची और दूसरी पटना की

# दो बच्चियां वाराणसी स्टेशन पर लावारिस मिलीं

रेलवे सुरक्षा बल ने बच्चियों को गुड़िया रेलवे चाइल्ड लाइन वाराणसी की कार्यकर्ता को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर दो नाबालिग लड़कियों को बरामद किया है। दोनों लड़कियां प्लेटफॉर्म पर खड़ी थीं। एक बच्ची रांची और एक पटना की बतायी जा रही है। रेलवे सुरक्षा बल ने बच्चियों को गुड़िया रेलवे चाइल्ड लाइन वाराणसी की कार्यकर्ता को सुपुर्द किया है। बताया जा रहा है कि वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन पर ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारियों को गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या छह पर एस्केलेटर के पास दो लड़कियां संदिग्धावास्था में खड़ी मिली थीं। इन लड़कियों को तत्काल अपनी निगरानी में लेते हुए इनसे पूछताछ की गयी, तो एक ने अपना नाम रोमिल (काल्पनिक नाम) उम्र 16 वर्ष निवासी रांची रांची झारखंड और दूसरी ने अपना नाम रजिया (काल्पनिक नाम) उम्र 15 वर्ष निवासी पटना बिहार बताया।



वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के अनुसार दोनों लड़कियों को सही सलामत अग्रिम कार्रवाई के लिए गुड़िया रेलवे चाइल्ड लाइन वाराणसी की कार्यकर्ता को नियमानुसार सौंपा गया है।

एक अन्य मामले में मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ और रेल मदद से सूचना मिली थी कि गाड़ी संख्या 15066 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-5 में दो बच्चे छूट गये हैं। सीट संख्या 75 के यात्री नितिन साहनी ने इन दोनों बच्चों के छूटने की जानकारी दी थी। नितिन ने सूचना दी थी कि कोच में दो बच्चे छूट गये हैं और उनकी माताजी उन्नाव में उतर गयी हैं। इस सूचना पर ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल ने तत्काल गाड़ी के चारबाग रेलवे स्टेशन लखनऊ के प्लेटफार्म संख्या-3 पर 16:10 बजे गाड़ी को अटेंड किया। सुरक्षा बल को दोनों बच्चियां कोच में मिलीं। इन बच्चियों से जब पूछताछ की गयी, तो दोनों बच्चों में से एक ने अपना नाम नुसरत (काल्पनिक नाम) उम्र 06 वर्ष और अपनी बहन का नाम अनीसा (काल्पनिक नाम) उम्र 01 वर्ष निवासी अवध विहार कालोनी, तीन नंबर बगिया कानपुर रोड लखनऊ बताया। बच्चियों ने अपनी माता का नाम भी बताया है। इन दोनों बच्चियों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लखनऊ लाकर सकुशल चाइल्ड लाइन एहसास लखनऊ पर कार्यरत टीम के लोगों को सौंप दिया गया है।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय, सिनियर सिविल जज -7, हजारीबाग

**बंटवारा वाद संख्या 78 / 17.**

बंगाली साव वगैरह ............................................ वादीगण

बनाम

सीताराम केशरी वगैरह ............................................ प्रतिवादी

**नोटिस बनामः**

(1) सीताराम केशरी पिता स्व. मुटर साहू, (2) दशरथ प्रसाद केशरी, (3) शिव प्रसाद केशरी (4) महेन्द्र प्रसाद केशरी नं 2 से 4 पिता स्व. खेदन साहू (5) बुधन प्रसाद केशरी (6) सुनील प्रसाद केशरी नं. (5) वो (6) पिता स्व. कैलाश प्रसाद केशरी (7) मासेमात चिंतामनी पति स्व. कैलाश प्रसाद केशरी (8) मोसेमात बीमला पति स्व. सरजु साव (9) उदय केशरी (10) संतोष केशरी (11) राजेश केशरी (12) अनिल केशरी (13) आशिष प्रसाद केशरी नं. 9 से 13 पिता स्व. शामदेव प्रसाद केशरी (14) मोसमात बिमला पति स्व. श्यामदेव प्रसाद केशरी (15) मोसेमात नागेश्वरी देवी पति स्व. द्वारिका प्रसाद केशरी (16) अशोक प्रसाद केशरी (17) ओम प्रसाद केशरी (18) देव प्रकाश केशरी नं. 16 ता 18 पिता स्व. द्वारिका प्रसाद केशरी (19) राज कुमार केशरी (20) रविन्द्र केशरी (21) मनोज उर्फ मन्ना केशरी (22) गौतम केशरी उर्फ गुड्डू (23) विकास केशरी नं. 19 ता 23 पिता स्व. बासुदेव प्रसाद केशरी (24) श्रीमति बबीता देवी पति नकुल प्रसाद केशरी (26) नागेश्वर प्रसाद केशरी पिता झरि साहू (27) मुरारी प्रसाद केशरी (28) शंभु प्रसाद केशरी (29) नन्दन प्रसाद केशरी नं. 27 से 29 पिता नागेश्वर प्रसाद केशरी (30) श्रीमति सुमित्रा देवी पति महादेव केशरी पिता नागेश्वर प्रसाद केशरी (31) दुर्गी प्रसाद केशरी (32) शंकर प्रसाद केशरी (33) गणेश प्रसाद केशरी नं. 31 ता 33 पिता स्व. जगदीश साव (34) उमा देवी पिता स्व. द्वारिका प्रसाद केशरी पिता स्व. जगदीश साव (35) उर्मिला देवी पति रामजी प्रसाद केशरी पिता स्व. जगदीश साव (36) शंकर सिंह (37) होरिल सिंह (38) प्रभु दयाल सिंह पिता स्व. महाबीर सिंह (39) प्रमोद सिंह पिता स्व. भरत नारायण सिंह (40) किशोरी प्रसाद केशरी पिता भुनेश्वर प्रसाद केशरी (41) नान्हु लाल शर्मा पिता भातु ठाकुर (42) कंचन देवी पति बजरंग शर्मा (43) बजरंग शर्मा पिता विसुन शर्मा (44) उमेश सोनी (45) राजेश सोनी (46) मनोज सोनी नं. 44 ता 46 पिता स्व. दुखी साव (48) मोसेमात मुनिया पिता परमेश्वर साव (48) अनील केशरी (49) सुनील केशरी (50) राहुल केशरी नं. 48 ता 50 पिता स्व. डोमन साव (51) उमा देवी पति स्व. द्वारिका साव (52) बचन साव पिता स्व. चुलहन साव (53) डीमति कौशल्या देवी पति विनोद साव (54) सुनीता देवी पति महाबीर रविदास (55) मालती देवी पति दिलीप सिंह (56) मंजू देवी पति राज कुमार (टीचर) (57) श्रीमति कांति देवी पति लोकनाथ प्रसाद केशरी (58) रामचन्द्र प्रसाद केसरी पिता स्व. बदन साव (61) बैजु साव पिता स्व. केवल साव निवासी 1, 16, 16, 17, 83, 34, 44, 45, 46, वां 51। साविनान हजारीबाग रोड बरही, डाकघर वो थाना बरही, जिला - हजारीबाग नं. 2, 4, 5, 6, 7 19, 21, 22, 23, 26, 27, 28, 29, 31, 32, 33 साकिनान बरहीडीह डाक घर वो थाना बरही, जिला हजारीबाग नं. 3 वो 30 धनबाद रोड बरही, डाक घर वो थाना बरही, जिला हजारीबाग नं. 8 से 14 36 से 39 हाई स्कूल के समीप बरही, डाक घर वो थाना बरही, जिला हजारीबाग नं. 35 ग्राम डाकघर वो थाना चौपारण जिला हजारीबाग नं. 42, 43 वो 56 बरही भामा शाह स्कूल के समीप डाकघर वा थाना बरही, जिला हजारीबाग नं. 40 गया रोड, बरही डाक घर वो थाना बरही, जिला हजारीबाग 47 से 50 वो 57 सा. थाना बरही चौक डाक घर वो थाना बरही हजारीबाग नं. 52 से 54 साकिनान अफीम कोठी डाकघर वो थाना बरही, जिला हजारीबाग नं. 55 ताकिन ग्राम वो डाकघर केवाल थाना बरही, जिला हजारीबाग नं. 41, साकिन ग्राम दुरवा, डाकघर केवाल, थाना बरही, जिला हजारीबाग नं. 28 वो 61 साकिन ग्राम बारिया डाकघर पदमा थाना बरही, 'जिला -हजारीबाग नं. 58 ग्राम करियातपुर डाकघर दो थाना बरही, जिला हजारीबाग।

( ) मोसमात मैना देवी पति स्व. सोका साव, निवासी ग्राम बडगांव, डाकघर, वो थाना चैनपुर, जिला रामगढ।

( ) मोसमात द्रोपति पति स्व. भोला साव, निवासी ग्राम लकारका पो. थाना कतरास, जिला धनबाद

( ) श्रीमति बेबी देवी पति अनिल प्रसाद केशरी, निवासी ग्राम चतरो चट्टी, जिला बोकारो,

(60) मोसेमात मालती देवी पति स्व. सोवा साव साकिन ग्राम बडगांव डाकघर वो थाना चैनपुर, जिला रामगढ़।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण बंगाली साव वगैरह के द्वारा आपलोगों के विरुद्ध बंटवारा वाद संख्या 78 /2017 क्षेत्र न्यायालय, सिवियर सिविल जज, हजारीबाग के न्यायालय में दायर किया गया है यह बाद आपकी उपस्थिति हेतु लंबित चली आ रही है जिसकी अगली तारीख 5-6-23 को है।

अतः इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उक्त तिथि 5-6-23 को 07:00 बजे पूर्वा. आकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकतरफा सुनवाई कर दी जायेगी। इसे ताकिद जानें।

**न्यायालय, सिनियर सिविल जज-7**
**हजारीबाग**

पत्रांक : 21 / दिनांक : 02.05.2023

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 मई, 2023
www.azadsipahi.in


### बिजली कटौती पर बोले पूर्व विधायक

# पैसा लेते हैं जोड़-जोड़ कर बिजली देते है छोड़-छोड़ कर



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** बरही विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती बिजली की समस्यओं को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक बिजली विभाग के सहायक अभियंता से मिलने पहुंचे। विधायक ने बिजली विभाग की लचर व्यावस्था और बिजली कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लचर व्यावस्था से आमजनों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। बिजली की आंख मिचौली से जनता त्रस्त है। जले हुए ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदलने की मांग की। पूर्व विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि पैसा लेते है जोड़-जोड कर और बिजली देते है छोड़ छोड़कर। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने ने कहा कि बिजली कटौती सहित अन्य समस्याओं का समाधान नही हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन को मजबूर होंगे। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशून यादव, बजरंग दल संयोजक प्रशांत सिंह, बरही मुखिया शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, एसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, महामंत्री किशोरी सिंह, समाजसेवी अशोक यादव, उपमुखिया बालेश्वर यादव, युगल यादव, सचिन यादव, सोनू यादव, बिपिन सिन्हा आदि शामिल थे ।

## महेशरा प्लस टू उच्च विद्यालय में दो टीजीटी शिक्षक हुए बहाल



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत महेशरा प्लस टू उच्च विद्यालय महेशरा में सोमवार को अंग्रेजी के लिए विशुन ठाकुर तथा उर्दू के लिए जासमीन आरा दो टीजीटी शिक्षक रिक्त पदों पर बहाल किए गये। प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश ने विद्यालय के कार्यालय में दोनों शिक्षकों का उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि अंग्रेजी और उर्दू के शिक्षक नहीं रहने के कारण इन विषयों की पढ़ाई बाध्य हो रही थी परंतु अब यह दोनों पद पर शिक्षक बहाल हुए हैं तो शैक्षणिक विकास में बाधाएं नहीं आयेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रीष्म अवकाश को लेकर अभी विद्यालय बंद है विद्यालय खुलने के बाद दोनों शिक्षक अपना योगदान देंगे।वही नवनियुक्त शिक्षक विशुन ठाकुर एवं जासमीन आरा ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक माहौल में ढालना मेरी प्राथमिकता होगी।

## दारू प्रखंड में गजराजों ने नष्ट की फसल और बागवानी



**दारू (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखंड में हांथीयों का कहर लगातार जारी है जिससे यहां के किसानों की फसलों को भारी क्षति पहुंच रही है। दारू प्रखंड के ईरगा पंचायत के ग्राम चिरुवा के पारबाद में रविवार रात्रि को फसल और चारदिवारी और आम बागवानी को हांथीयों ने फसलों को काफी बर्बाद कर क्षति पहुंचाया। हाथियों की संख्या अनुमानता तीन से चार है और वे सबसे पहले चिरुवा के पारबाद आम बागवानी को नुकसान करते हुए मकई के बारी में पहुंचे जहां लगभग एक एकड़ में लगे फसलों को नष्ट किए। मक्का, खीरा, लोकी आदि का फसल को हाथियों ने बर्बाद कर दिया। फसल नुकसान होने वाले किसानो में लोकन साव, जगदीश साव, गोविंद साव, जगालाल साव और अशोक प्रसाद के जमीन पर आम बागवानी को भी गजराज महाराज ने पूरी तरह फल और आम का पेड़ को भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के द्वारा आवेदन देकर मुआवजे की मांग की जा रही है ।

## कोयला खनन परियोजना की बड़ी उपलब्धि



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोल परियोजना ने दिनांक 21 मई को एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस परियोजना ने 8 महीनों में 1 मिलयन मीट्रिक टन कोयला उत्पादित कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। आज से एक साल पहले दिनांक 21 मई को परियोजना ने कोयला सीम को टच किया था और पूरे एक साल के अंतराल में ही परियोजना द्वारा एक यह रिकार्ड बनाया गया जो कि सराहनीय कार्य है। चट्टी बरियातु परियोजना प्रमुख अनिमेष जैन के मार्गदर्शन में परियोजना ऐसे ही आगे कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर श्री जैन ने सभी ग्रामीणों, जिला प्रशासन और सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की एनटीपीसी आने वाले समय में भी इसी तरह नये-नये रिकार्ड स्थापित करेगी। 29 सितम्बर 2022 को चट्टी बरियातु में हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की उपस्थति में कोयला उत्पादन की शुरूआत हुई थी। परियोजना कि इस उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों के पूर्ण सहयोग और परियोजना के सभी अधिकारीयों और कर्मचारीयों और ग्रामीण वासियों को जाता है। चट्टी बरियातु परियोजना से प्रति वर्ष सात मिलियन टन कोल उत्खनन का चरम लक्ष्य निर्धारित किया है। 21वीं सदी के आत्मनिर्भर भारत में कोयला की आपूर्ति करने में एनटीपीसी चट्टी बरियातु परियोजना अपना अहम योगदान देगी।

## क्लब फार्मा मेडिकल स्टोर से ताला तोड़ कर एक लाख रुपये की चोरी




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के जैन पेट्रोल पंप के नजदीक स्थित क्लब फार्मा मेडिकल स्टोर से रविवार रात अज्ञात चोर ने शटर का ताला तोड़कर काउंटर में रखे एक लाख रुपये की चोरी कर ली। मेडिकल स्टोर के संचालक विमलेश कुमार की सूचना पर सदर थाना प्रभारी अमित कुमार लकड़ा मेडिकल दुकान पहुंचे। मेडिकल स्टोर संचालक विमलेश कुमार ने बताया की रविवार रात हर दिन की भांति स्टोर को बंद कर घर चला गया। सोमवार को मेरे मकान मालिक ने खबर किया की दुकान का शटर आधा खुला है और ताला बगल में फेका हुआ है। जानकारी पाकर स्टोर पर पहुंचा तो देखा की शटर आधा खुला है। अंदर सारा सामान अपने जगह पर है मगर काउंटर में रखा तीन दिन का सेल एक लाख रुपया गायब है।

### समाज कल्याण विभाग की हुई समीक्षा बैठक

# केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें सीडीपीओ और एलएसः उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में मुख्य रुप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू खालखो सहित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिकाये उपस्थित थी। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कन्यादान योजना मद में आवंटन प्राप्त है। योग्य लाभुकों का आवेदन सृजित कर स्वीकृति हेतु समाज कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाड़ली योजना के अच्छादित 78074 लाभुकों में से 76657 लाभुकों के बीच एनएससी का वितरण किया गया है। शेष -1417 लाभुकों का एनएससी वितरण लंबित रहने पर मुख्य रूप से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कटकमसांड़ी, चुरचू, डाडी, विष्णुगढ़, हजारीबाग ग्रामीण, पदमा, चैपारण, केरेडारी को कड़ी फटकार लगाते हुए यथाशीघ्र संबंधित लाभुकों के बीच एनएससी वितरण करने का निदेश दिया गया। जिला अन्तर्गत सेविका के 22 और सहायिका के 18 पद रिक्त रहने पर अविलंब सभी रिक्त पदों पर चयन करने का निर्देश दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया कि आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं के मानदेय मद में आवंटन अप्राप्त है। जिससे माह-अप्रैल 23 तक सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं का भुगतान कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनान्तर्गत विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं महिला पर्यवेक्षिकाओं और बाल विकास परियाजना पदाधिकारियों का आईडी पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है, जिसे सभी परियोजना को भेजते हुए सत्यापित कर उपलब्ध कराने का निर्देश गया है। बाल विकास परियोजना, केरेडारी और चुरचू से उपलब्ध कराया गया है, सभी 1770 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1718 केंद्रों पर एलपीजी गैस आपूर्ति की गयी है। शेष 52 केन्द्रों पर आपूर्ति के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण, कटकमसांड़ी और ईचाक को एलपीजी गैस एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अविलंब गैस आपूर्ति कराने का निर्देश गया। सरकारी भवन में संचालित सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली कनेक्शन लगाने का विभागीय निदेश है। अब तक 94 आँगनबाड़ी केन्द्रों पर ही बिजली कनेक्शन की गयी है। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में 103 केन्द्रों को मॉडल केंद्र के रुप से विकसित किया गया है, जिसमें प्ले स्कूल से संबंधित सभी प्रकार की सामग्री आपूर्ति की गई। उन्होंने बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निदेश दिया कि प्राप्त सामग्रियों को आँगनबाड़ी केन्द्र के भंडार पंजी में संधारित करें और नियमित निरीक्षण कर सामग्रियों का सदुपयोग कराना सुनुश्चित करें। वर्तमान में 84 केन्द्रों को मॉडल बनाने की स्वीकृति दी गई है। सख्त निदेश दिया गया कि बैठक के दिन अवकाश पर नहीं रहेंगी। इस अवसर पर अभिषेक कुमार सिंह, अनुभा श्वेता होरो, सहायक-सह-डाटा इंट्री आपरेटर सतीश कुमार रजक, विजय कुमार दास सहित महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित थी।

### आस्था का महापर्व मंडा पूजा और मेला धूमधाम के साथ संपन्न

# झारखंडी संस्कृति की पहचान है मंडा पूजाः रोशन लाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** भक्ति और आस्था का महापर्व संस्कृति और परंपराओं के साथ शिव भक्तों द्वारा जलते अंगारों पर चलने के बाद 50 फीट ऊंचे लट्ठा में कील से बांधकर परिक्रमा करने के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ सोमवार को बड़कागांव प्रखंड की आंगों गांव में आयोजित मेला संपन्न हो गया। महापर्व की शुरूआत एक पखवाड़े पूर्व कलश स्थापना के साथ हुई इस बीच शिव भक्तों द्वारा तपती गर्मी में भी नंगे पांव चलकर घर घर भिक्षाटन किया गया और माता पार्वती को वस्त्र पहनाकर सुशोभित की गई साथ ही साथ शिव भक्तों द्वारा संस्कृति और परंपराओं के साथ मधुर गीत गाकर गांव समेत पूरे क्षेत्र को भक्तिमय किया गया। मेले का बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि आँगो पंचायत के मुखिया नीलम मिंज, आजसू नेता समाजसेवी कौलेश्वर गंझू, पंसस संगीता कुमारी, उपमुखिया लालो कुमार उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर मंच और मेले का शुभारंभ किया। और उपस्थित मेले में आये सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड का पारंपरिक लोक पर्व मंडा पूजा हर साल धूमधाम से मनायी जाती है। यह पर्व झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है तथा शिवभक्त दहकते अंगारों में जलकर मंडा पूजा अच्छी बारिश खेती और समृद्धि के लिए मनाते हैं। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, नागेश्वर तुरी, कामेश्वर महतो, अर्जुन महतो, सुरेश महतो, कमलेश कसेरा, मंडा पूजा समिति अध्यक्ष भीकू महतो, सचिव फुलेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष मणिलाल मुंडा, संयोजक लालो कुमार, नरेश कुमार, सोनू मुंडा, विष्णु दयाल महतो, हीरामन महतो, देव नाथ महतो, जग्गू मरांडी, मोहन करमाली, सहित सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद तोड़फोड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने सोमवार को अपनी चपेट में एक युवक को ले लिया जिससे युवक की दर्दनाक मौत मौके पर हो गयी। मृतक सोनू राणा (उम्र 17 वर्ष पिता बालेश्वर राणा, ग्राम लालगढ़ महुगांय) भारती उच्च विद्यालय के नवम वर्ग का छात्र था। युवक के माता पिता रांची जा रहे थे जिन्हे सोमवार की सुबह गाड़ी बैठाने के लिए अपनी मोटर साईकिल से बरियारडीह चौक पर गया था और उन्हें गाड़ी बैठाकर कर वापस अपने घर लालगढ़ जा रहा था। इसी दौरान मरकच्चो की तरफ से बोल्डर लाद कर आ रहे हाइवा वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रज्जक, थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई उत्तम कुमार वैध, एएसआई शिवराज उरांव घटनास्थल पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने शव को उठाने से रोक दिया। इसके बाद हाइवा वाहन के मालिक और ग्रामीणों के बीच आपसी सहमति बन ही रही थी कि बीच में हेमलाल साव के द्वारा अपशब्द का प्रयोग किया गया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ भड़क गयी और हेमलाल साव की दुकान में तोड़ फोड़ करने लगी। करीब 4 घंटे से ऊपर प्रयास के बाद हाइवा वाहन के मालिक द्वारा मुआवजे के तौर पर एक लाख पचहत्तर हजार की सहमति बनी। हाइवा वाहन को जप्त करते हुए थाना परिसर लाया गया। हाइवा वाहन देवीपुर पंचायत के ग्राम डोंगोडीह निवासी महेंद्र साव का बताया जा रहा है। वही इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में बीएड छात्रों का प्रदर्शन

# बीएड में दो मेथड पेपर करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बीएड महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शन किया गया। छात्रों द्वारा आरोप लगाया गया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मांगों पर केवल आश्वासन दिया जा रहा है। 8 मई को छात्रों के प्रदर्शन के बाद बीएड पाठ्यक्रम में दो मेथड करने के संबंध में 3 दिनों में कमेटी का निर्णय आने का आश्वासन दिया गया था। परंतु सप्ताह भर बीत जाने के बावजूद भी किसी प्रकार का कोई निर्णय नहीं आया। विवश होकर विभिन्न महाविद्यालयों के बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा प्रदर्शन किया गया। विभावि कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक व एमएड के प्रमुख ने प्रदर्शनकारियों से कहा की आपके मांग पर कार्यवाही की जा रही है तर्क संगत व विभिन्न तकनीकी पहलुओं को देख कर निर्णय लिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि कुलपति के आदेशानुसार जल्द इस सप्ताह में परिषद की बैठक के पश्चात निर्णय आ जाएगा तब बीएड के प्रशिक्षुओं ने प्रदर्शन समाप्त किया। बताते चले कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम में केवल एक ही मेथड पेपर की पढ़ाई होती है, जबकि अन्य विश्वविद्यालयों में 2 मेथड पेपर के अनुसार पढ़ाई कराई जाती है। इस विषय को लेकर छात्र काफी आशंकित व चिंतित थे। उसको लेकर कई महीने से छात्र अपने मांग को शासन के समक्ष रखने का काम कर रहे थे। प्रदर्शन में जीवन यादव, अभिषेक राज, देव विकास, रिया बाला डे, पुष्पांजलि, मोहमद्दि, तंजील, आलोक, प्रद्युमन, खुशबू, दिव्या, अनिल, सौरभ, गीता, जयंती, विकास,विक्रम, मो मेराज, सोनू, यशोदा, अर्चना, बंटी, गुलाम, अंजय समेत विभिन्न बीएड महाविद्यालय के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## प्रशिक्षु उप समाहर्ताओं ने नवाचार गतिविधियों की जानकारी ली



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नवचयनित प्रशिक्षु उप समाहर्ताओं ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के संचालन के साथ साथ जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा चलायी जा रही नवाचार गतिविधियों का अवलोकन और उसके बारेमें क्षेत्र भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन ने प्रशिक्षु उप समाहताओं को संबोधित किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी प्रशिक्षु उप समाहर्ताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोगों को जिस विभाग में पदस्थापित किया जाता है, वहां बेहतर कार्य करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर और कोडरमा और अंचल अधिकारी कोडरमा द्वारा प्रखंड और अंचल कार्यालय द्वारा संपादित होने वाले कार्यो की जानकारी दी। प्रशिक्षु उप समाहताओं को स्वावलंबी गांव, डीईजीएस, लाइब्रेरी, सदर अस्पताल समेत आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय के बेहतर सुविधाएं के बारे में बताया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज और अन्य मौजूद रहे।

## बाराती गाड़ी पलटने से किशोर की मौत, 8 लोग घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को जिले में हुए दो सड़क हादसों ने दो लोगों की जान ले ली, वहीं 8 लोग घायल हो गये। पहली घटना में जयनगर थाना अंतर्गत पिपचो में अहले सुबह शादी समारोह से लौट रहे एक बाराती गाड़ी के अनियंत्रित होकर पलटने से एक 14 साल के किशोर की मौत हो गयी जबकि 8 लोग घायल हो गये। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बुचई से नंदेडीह बारात गयी थी। शादी से लौटने के दौरान सोमवार की सुबह करीब 5 बजे यह घटना घटी। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में बुचई निवासी सुरेश यादव, सुरेंद्र यादव, धीरज कुमार, सवारी वाहन का चालक लक्ष्मण यादव नरपत यादव, सागर यादव, गिरिडीह के सरिया निवासी वीरेंद्र यादव, संतोष शर्मा और अमित यादव शामिल हैं। वहीं मृतक की पहचान अनीष कुमार (उम्र 14 वर्ष, पिता कैलाश यादव) के रूप में हुई है। घायलों में सागर यादव और वीरेंद्र यादव को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरी घटना मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नावाडीह में हुई। यहां सोमवार सुबह को हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बोल्डर लदे हाईवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक सोनू राणा (उम्र 17 वर्ष, पिता बालेश्वर राणा, लालगढ़ महुगाई) की मौत हो गयी।

## दिव्यांगता की पहचान और रोकथाम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्तिथ सभागार में सोमवार को जन विकास समिति वाराणसी के द्वारा और कोडरमा फ्रांसिस्केन क्लारिस्ट सिस्टर (के एफ सी एस) के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगता के शीघ्र पहचान और रोकथाम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे बीडीओ पप्पु रज्जक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर बिपिन कुमार मौजूद थे। इस कार्यक्रम मे बतौर प्रशिक्षिका होली फैमिली हॉस्पिटल, स्कूल ऑफ नर्सिंग की वाइस प्रिंसपल सिस्टर सलोमी मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन जय मंगल शाही कुमार और सिस्टर लीला जोश ने संयुक्त से किया गया। मौके पर सेवा सदन होली फैमिली हॉस्पिटल के कार्यकर्ता शुभम कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, फ्रांसिस मुर्मू, पिंकी देवी आदि मौजूद थे।

## ट्रांसफार्मर जलने से लोग परेशान

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सातमिल मोड़ स्थित विष्णुगढ़ फॉरेस्ट चेकनाका के समीप विद्युत ट्रान्सफार्मर विगत करीब एक सप्ताह से खराब पड़ा है। जिसकी वजह से इस भयंकर चिलचिलाती गर्मी मे उक्त ट्रान्सफार्मर के उपभोक्ताओं को काफी मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं ने बिजली बिल बकाया का भुगतान भी कर दिया है। परन्तु बिजली विभाग के उदासीनता की वजह से लोगो के बीच बिजली नही रहने की वजह से पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गयी। एक तो तपती गर्मी वही बच्चों की पढ़ाई के अलावा अधिक घरों में पानी बोरिंग से मशीन के द्वारा उपयोग किया जाता है। जिसके लिए उपभोक्ता काफी परेशानी झेल रहे हैं,

## रानी तालाब के सुंदरीकरण को लेकर जिप अध्यक्ष ने किया शिलान्यास



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत स्थित ऐतिहासिक स्थल बुढ़वा महादेव के रानी तलाब का सुन्दरीकरण का शिलान्यास जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और बड़कागांव मध्य क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि बुढ़वा महादेव क्षेत्र को पर्यटन का दर्जा दिलायेगे। जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि रानी तालाब कृषि और धार्मिक कार्य के लिए महत्वपूर्ण है। उप प्रमुख वचन देव कुमार ने कहा कि बुढ़वा महादेव पहाड़ प्राकृतिक धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्व है यही कारण है कि मैं चुनाव से पहले ही रानी तालाब के सुंदरीकरण के लिए तत्कालीन जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर महतो और प्रमुख राजमणि देवी अनुशंसा करवाया था।मौके पर उपस्थित उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया पारसनाथ महतो, उप मुखिया राजदेव महतो, वार्ड सदस्य रिंकी कुमारी, काजल कुमारी, चित्रदय, सुरेश महतो, जयहिंद महतो आदि मौजूद थे।

## भगवती मठ की जमीन पर जबरन कब्जा करने के मामले में ग्रामीणों ने थाना में दिया आवेदन

**इचाक (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक भगवती मठ की भूमि को कुछ भू माफिया द्वारा जबरन कब्जा करने का आरोप लगा कर परासी के ग्रामीणों ने इचाक थाने को आवेदन दिया है और कार्रवाई की मांग कि है। आवेदन में लिखा है कि खाता नंबर 553 प्लॉट नंबर 1455, 1456 और 1457 1.73 एकड़ पर जबरन हाई कोर्ट केस संख्या 5669/ 2022, सदर अनुमंडल केस नंबर 295 28 जुलाई 2022 हजारीबाग न्यायालय धारा 144 के तहत विचाराधीन है। फिर भी भूमाफियाओं द्वारा जबरन कब्जा कर काम शुरू करने की कोशिश की जा रही है। गुंजा निवासी सुनील मेहता, स्याल कला निवासी विनय कुमार राम और धरमू गांव निवासी अशोक ठाकुर द्वारा विवादित जमीन पर जबरन काम शुरू किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण और उक्त लोगों में खूनी संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। आवेदन देने वाले में ब्रह्मदेव पांडे ,अशोक कुमार, शंभू दास, राजेंद्र पांडे, गजेंद्र कुमार, राजेश कपरदार समेत कई ग्रामीण शामिल है।

## जिले की तमाम कोल साइडिंग में चलता है पतरातू इलाके के साव जी का सिक्का

# एक इशारे पर कोयले में मिल जाता है हजारों टन चारकोल

**हर माह करता है हजारो टन कोयला की हेराफेरी**

**बीरू कुमार**



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के रेलवे कोल साइडिंगों में साव नामक व्यक्ति का सिक्का चलता है। खासकर पतरातू इलाके में इनकी तूती बोलती है। इनके एक इशारे पर हजारों टन कोयले में चारकोल की मिलावट हो जाती है। जिसके कारण साव जी की तरक्की रफ्तार पकड़ ली है। देखते ही देखते पूरे इलाके में छा गये हैं। कोल साइडिंगों में किसी को भी चारकोल मिलाना है तो साव जी की परमिशन लेनी होगी। क्योंकि इनकी पकड़ सभी जगहों पर मजबूत है। पुलिस प्रशासन के कुछ अधिकारियों से इनका संबंध गहरा है, जिसके कारण कोयला हेराफेरी करने में इनको कोई परेशानी नहीं होती है। हर माह हजारों टन कोयला की हेराफेरी की सूचना मिल रही है।

**हर स्तर पर फिट है साव जी का व्यवस्था**

सूत्रों ने बताया कि इनका मैनेजमेंट सफेदपोश और वर्दी वाले भैया तक काफी मजबूत है। इसके अलावा नेता अभिनेता पर तो इनकी जबरदस्त पकड़ है। सेटिंग हर स्तर पर होने के कारण पतरातू इलाके में चारकोल कोयला मिक्सिंग के खेल में कोई रुकावट नहीं होती है। सूत्रों का दावा है कि बीच-बीच में कुछ छिटपुट छोटा-मोटा गिरोह का अपराधी हमलावर रहे हैं। इनपर गोलियां भी चलायी है। लेकिन समय के साथ वह भी व्यवस्था का लाभ उठाकर कारोबार को संरक्षण देने में जुट गये। इससे समझा जा सकता है कि साव जी का मैनेजमेंट कितना पावरफुल है।

### मिक्सिंग रैकेट में इलाके का बेताज बादशाह है साव जी!

इधर सूत्र बताते हैं कि कोयला चारकोल मिक्सिंग खेल का साव जी बेताज बादशाह है। रेलवे साइडिंग में कोयला हेराफेरी करने के लिए इनका इशारा ही काफी है। कोई भी कारोबारी इन्हें अनदेखा कर कारोबार नहीं कर सकते हैं। क्योंकि मैनेजमेंट की पावर इनके अंदर ही भरी पड़ी है। इनके कुशल मैनेजमेंट के कारण कोयला चारकोल का खेल में कोई गड़बड़ी नहीं होने का मुख्य कारण भी बताया जा रहा है।

## 29 मई से 14 जून तक मनेगा मन का मिलन पखवाड़ा

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में मध्यस्थ्यता पर आधारित विशेष अभियान मन का मिलन पखवारा का आयोजन 29 मई से 14 जून तक किया जायेगा। यह विशेष अभियान प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ब्रजेश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उक्त बातों की जानकारी सोमवार को प्राधिकार के सचिव दिलीप राजेश्वर तिर्की ने दी। उन्होनें बताया कि इस विशेष अभियान के तहत पूरे जिले में मध्यस्थ्यता से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें आम लोगों को मध्यस्थ्यता के माध्यम से वादों को निष्पादित किये जाने के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी, ताकि मध्यस्थ्यता के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके। श्री तिर्की ने बताया कि मन का मिलन पखवारा मध्यस्थ्यता के माध्यम से वादों का निष्पादन की एक अनूठी पहल है, जो आम जनमानस के लिए काफी लाभकारी व कल्याणकारी साबित होगा। इस अभियान को पुर्णतः सफल बनाने के लिए सभी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थ्यता में भाग लेने वाले दोनों पक्ष की बातें पूर्णतः गोपनीय रहती है। मध्यस्थ्यता में भाग लेना पूर्णतः पक्षकारों की सहमति पर निर्भर है। दोनों पक्ष मिलकर विवाद का समाधान ढूंढते हैं और दोनों के समय, धन व व्यक्तिगत संबंधों की रक्षा होती है। उन्होनें आम लोगों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

## अंबा प्रसाद की लोकप्रियता से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का थामा दामन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के लोकप्रियता और कार्यशैली से प्रभावित होकर लपंगा के दर्जनों लोगों ने रमेश बेदिया के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा। लोगों ने कहा कि विधायक की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण कर रहा हूं। कांग्रेस पार्टी को मजबूती के लिए हम लोग विभिन्न क्षेत्र में कार्यकर्ताओं का जोड़ने का काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी के सदस्यता ग्रहण करने वालों में राजकुमार बेदिया, विनेश बेदिया, अजय ठाकुर, मनोज बेदिया, मनराज बेदिया, मोहम्मद आलम, अजय लाल, कमल बेदिया, प्रदीप बेदिया, मनीष बेदिया, उमेश बेदिया, कृष्णा बेदिया, अमित बेदिया, सुरेंद्र बेदिया सहित कई लोग शामिल थे। सभी लोगों को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने स्वागत करते हुये कहा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में लगातार पार्टी मजबूत हो रही है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, जयंत तूरी, योगेंद्र सिंह खरवार, प्रदीप साहू, रमेश बेदिया, अंजन प्रसाद सैफुल्लाह खालिद, रामशरण गिरी, संजीत यादव, रवि साव, राजेश महतो, कपिल रवानी, रामकुमार महतो, नरेंद्र सिंह, अभय दुबे सहित कई कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

## ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ किया फैक्ट्री गेट जाम

**गोला (आजाद सिपाही)।** टोना गातु स्थित इनलैंड पावर प्लांट में कार्यरत मजदूर उरबा गांव निवासी राजेश महतो 41 वर्ष की मौत सोमवार को हो गई। बताया गया कि वो प्रत्येक दिन की तरह ड्यूटी गये थे। कार्य के दौरान ही उनकी मौत हो गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने मुवावजा की मांग को लेकर शव के साथ फेक्ट्री गेट को घंटो जाम कर दिया। जाम के कारण फैक्ट्री का ट्रांस्पोटिंग का कार्य ठप हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि फेक्ट्री प्रबंधन ग्रामीणों के साथ मजदूरों के साथ शोषण कर रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां काम करना उचित नही है। मजदूरों से जैसे तैसे काम लिया जा रहा है। इसकी जानकारी जिला प्रसाशन को भी दी गयी। आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। मांग को लेकर प्रदर्शन करने वालों में युवा नेता राजीव जायसवाल, नागरिक चेतना मंच के अध्यक्ष सुनील राज, दिलदार अंसारी, करमु महतो, लखेश्वर महतो, बासुदेव प्रसाद, आलम अंसारी , रीना देवी, रूपेश कुमार, बेटी रीना कुमारी, राजू महतो, कालीचरण महतो, मणिलाल महतो, मुखिया प्रतिनिधि रामकिशुन भोक्ता पवन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला और पुरुष मौजूद थे।

## सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू का उद्घाटन

# स्वास्थ्य केंद्र खुलने से मरीजों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा: जेपी पटेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मांडू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद केंद्र का सोमवार को विधायक जेपी पटेल और डीसी माधवी मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप फीताकाटकर उद्घाटन किया गया। जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य टाटा स्टील फाउंडेशन के ने किया। इस दौरान विधायक और उपायुक्त ने केंद्र में किये गए विकास कार्यों और उपलब्ध कराये गए आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों का जायजा लिया।

**स्वास्थ्य केंद्र से मांडू के लोगों को मिलेगा विशेष लाभ**

इस अवसर पर विधायक जेपी पटेल ने कहा कि केंद्र खुलने से मांडू के लोगो को विशेष लाभ होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र खुलने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगा। जिसके बाद उन्होंने ओपीडी वेटिंग एरिया, सोलर आधारित विद्युत सेवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओटी कक्ष, लेबर कक्ष, एमटीसी केंद्र आदि में उपलब्ध कराये गए विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करते हुये प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मांडू सहित अन्य अधिकारियों को केंद्र के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वही विधायक और उपायुक्त के द्वारा सभी प्रखंड वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने की शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, अंचल अधिकारी मांडू, महाप्रबंधक टाटा स्टील वेस्ट बोकारो अनुराग दिक्षित, चीफ कैपेसिटी एन्हांसमेंट प्रोजेक्ट वेस्ट बोकारो टाटा स्टील राजेश कुमार, टाटा स्टील फाउंडेशन से केशव रंजन सहित अन्य उपस्थित थे।

# कुरसे गांव में धूमधाम से मनी मंडा पूजा, भक्तों ने अंगारों पर नंगे पाव चल आस्था का दिया परिचय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** कुरसे गांव में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोमवार को मंडा पूजा श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मंदिर परिसर में मनाया गया। इस दौरान रविवार रात्रि श्रद्धालुओं ने लोटन सेवा, फुलखुंदी, मच्छर गोथा, बनस पर झूला शिवभकतों ने अपने आस्था का परिचय दिया। वहीं पुरूलिया और पाली के छऊ नृत्य के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब आकर्षित किया। इधर मंडा पूजा और मेला में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, आजसू केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चैधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुखिया विजय मुंडा आदि उपस्थित थे। वहीं पुरुलिया और पाली के छाऊ नृत्य कलाकारों ने देवी देवताओं से जुड़े नृत्य प्रस्तुत कर रातभर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। रविवार की रात्रि 175 भोक्ता और 225 सोकताएनो ने नदी से स्नान ध्यान कर पवित्र जल भरकर मंडा स्थल पहुंचे। जहा विधि-विधान से सत्यनरायण गोसाईं, सहदेव ठाकुर, हनुमान चटिया संतोष बेदिया, प्रदीप तुरी, विश्वनाथ मुंडा, छोटू भगत सहित अन्य लोगो ने पूजा अर्चना करायी। वहीं शिव भक्तों ने दहकते अंगारो पर नंगे पांव चलकर अपने अटूट आस्था का परिचय दिया। इसके बाद नुकीले कांटेदार कील को शरीर में चुभोकर भोक्ताओं ने बनस झूला झूल कर अपनी शिवभक्ति व आस्था का परिचय दिया। मंडा पूजा को सफल बनाने में पूजा कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष यादव, फुलेश्वर राम, गणेश बेदिया, सचिव जनार्दन मुंडा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, रविंद्र बेदिया संरक्षक मुखिया संदीप उरांव, पंसस कार्तिक मुंडा, उप मुखिया अजय तुरी, गिरधारी गोप, धनेश्वर यादव, जगन्नाथ मुंडा, गोपाल करमाली, प्रभु तुरी, धनेश्वर यादव, विकास यादव, समबीर सिंह, तुनेश प्रजापति, मुखलाल सिंह, रामदास बेदिया, पंकज सिंह, मोती बेदिया, अर्जुन बेदिया, मिहिलाल बेदिया, राणा प्रताप सिंह, राज कपूर सिंह, राजकुमार साहू, राजेंद्र तुरी, जयलाल सिंह, दिनेश सिंह, महेश सिंह, चंद्रन्नाथ तुरी, सुरेश प्रजापति, जयदेव सिंह, टिंकू प्रजापति, कैलाश तुरी आदि का विशेष योगदान रहा।

# श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पतरातू।** पीवीयूएनएल में अनुबंध श्रमिकों के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू की गयी। पहले बैच में 30 आईटीआई मैकेनिकल समूह शामिल हैं। प्रशिक्षण डीजीएम (एमई) शांतनु कुमार द्वारा दी जायेगी। यह कौशल उन्नयन कार्यक्रम अन्य समूहों के साथ-साथ इलेक्ट्रिक, वेल्डर, सी एंड आई आदि के लिए भी जारी रहेगा। इस मौके पर डीजीएम (एचआर) पुरुषोत्तम लाल सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कौशल विकास कार्यक्रम आज की तेजी से बदलती दुनिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने के लिए स्किल्स की जरूरत होती है। बदलाव की गति इतनी तेज है कि लोगों को नौकरी के बाजार में प्रतिस्पर्धा करने और जीवन में सफल होने के लिए और अधिक कौशल की आवश्यकता है।

## तीन साल पूर्व 22 करोड़ की लागत से बना जलमीनार आज फेल, पेयजल संकट गहराया

# पेयजल आपूर्ति को लेकर जलमीनार के समक्ष ग्रामीणों का हंगामा

**ठेकेदार धनंजय सिंह और अधिकारियों के खिलाफ जमकर विरोधी नारे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** प्रचंड गर्मी में अनियमित पेयजल आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह डटमामोड़ स्थित जलमीनार मुख्य द्वार पर हंगामा करते हुये जमकर बवाल काटा। साथ ही, ठेकेदार धनंजय सिंह व अधिकारियों के खिलाफ जमकर विरोधी नारे लगाये। वही, ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन में कुजू क्षेत्र के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी मुखिया शामिल रहे।

इस दौरान मौजूद मुखिया ने जिले के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों से पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रचंड गर्मी में पेयजल संकट से कुजू क्षेत्र के सैकड़ों लोग त्राहिमाम है। इधर, एकमात्र सहारा जलमीनार था, जो भी ठेकेदार की लापरवाही और मनमर्जी की भेंट चढ़ गई है। जिस वजह से लोग पेयजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। मौके पर मौजूद ठेकेदार के सहयोगी ने मशीन खराबी व अनियमित बिजली आपूर्ति होने की बात कही। मौके पर कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा ने बताया कि 3 साल पूर्व डीएमएफटी फण्ड से करीब 22 करोड़ की लागत से हर घर नल जल योजना का उद्घाटन किया गया था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही की वजह से आज पंचायत वासियों को पेयजल संकट है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से इस मामले से अवगत कराते हुये जल्द पहल करने की बात कही। वही, कुजू पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार ने कहा कि ग्रामीणों के लिए एकमात्र सहारा यह जलमीनार है। लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों द्वारा अनसुना से आज क्षेत्र में जल संकट गहराया है। जनप्रतिनिधियों की बातों को नकारा गया तो जनता के साथ भूख हड़ताल पर बैठेंगे। वही, उपायुक्त से इस मामले में संज्ञान लेने की बात कही। इधर, कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश कुमार ने ठेकेदार की लापरवाही के कारण नल जल योजना क्षेत्र में विफल बताया। उन्होंने डीसी से ग्रामीणों की पेयजल समस्या को लेकर अपने स्तर से धरातल पर लाने की मांग की। साथ ही, ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आने वाले दिनों में ठेकेदार की मनमानी रही तो जलमीनार खंडहर में तब्दील हो सकता है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मुखिया जय कुमार ओझा, राकेश कुमार रॉक, अशोक कुमार, समीर खान, अशोक सिन्हा, पिंटू शुक्ला, मेघलाल रविदास, आशीष कुमार, अनिल कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# कुरीतियों और अंधविश्वास के साथ नशामुक्त समाज विकसित करने की जरूरत : उपायुक्त



**राजाराम मोहन राय की 250 वीं जयंति पर दौड़ का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** समाज सुधारक राजाराम मोहन राय की 250 वीं जयंति पर दौड़ का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस दिन महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दौड़ सुबह सात बजे अंबेदकर चैक से प्रारंभ होकर नगरपालिका कार्यालय के समीप स्थित राजाराम मोहन राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात समाप्त हो गया। इस मौके पर उपायुक्त अबु इमरान ने अपने संबोधन में कहा कि राजाराम मोहन राय को आधुनिक भारत का पहला शिक्षित व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजा राम मोहन राय चतरा में रजिस्टार के रूप में भी कार्य कर चुके हैं इसके अलावे वे जहां भी पदस्थापित हुये, समाज में फैले कुरीतियों और अंधविश्वास को मिटाने का कार्य को प्राथमिकता देते हुये अपना जीवन बिताया। उपायुक्त ने कहा कि उनसे प्रेरणा लेते हुये हमें भी अपने शिक्षा का उपयोग अपने समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को मिटाने के साथ-साथ नशामुक्त समाज विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि महिलायें समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास से अधिक पीड़ित होती हैं। राजाराम मोहन राय के पदचिन्हों पर चलकर महिलाओं को शोषण से बचाया जा सकता है और महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा सकता है। इस मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, के अलावे उपविकास आयुक्त उत्कर्श गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बडाइक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ-साथ अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्रायें शामिल थे।

# डीसी ने दिया विकास योजना को पूरा करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की बैठक की गयी। जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य समेत पांच क्षेत्रों की समीक्षा की गयी। मौके पर उपस्थित आंकाक्षी कार्यक्रम के तहत जिले में कार्य कर रहे पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि घनश्याम शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से मासिक रिपोर्ट पेश करते हुये बेसलाइन डाटा में किये गये सुधार और अन्य गतिविधियों के बारे में बताया कि जिला का मार्च महीने के डेटा रैंक 90 से सुधार होते 41 पर आ गया। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी समेत सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए ससमय डाटा उपलब्ध करवाने तथा कौशल और वितीय समावेशन के तहत डीएमएफटी और एससीए मद से ऐसी योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया, ताकि नीति के सूचकांकों में सुधार हो सके। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा दूसरी बैठक कर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित और जिला योजना विभाग अंर्तगत क्रिंर्यावित योजनाओं की समीक्षा की गयी। अमृत सरोवर योजना के तहत लधु सिंचाई प्रमंडल द्वारा कार्यों की समीक्षा करते हुये अपूर्ण योजनाओं या प्रारंभ नहीं होने वाले योजनाओं को ग्राम सभा द्वारा चयनित सभी योजनाओं को गाइडलाइन का अनुसार ससमय पुरा करने का निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के लंबित प्रस्तावों जैसे टीवी वार्ड, अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, सदर अस्पताल में मॉडयुलर ओटी, ई-टेलीमेडिसीन और अन्य की जानकारी लेते हुये दिशा निर्देश दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में सभी विद्यालयों में बेंच-डेस्क की बुनियादी सुविधा उपलब्ध करने, पेजयल और स्वच्छता प्रमंडल को पेयजल समस्या का निराकरण करने ताकि जल संरक्षण और भूजल पुर्नभरण को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने, जिले में संचालित आंगनबाडी केंद्रों के अपूर्ण या मरम्मत होने वाले भवनों का जीर्णोद्वार करने और आंगनबाडी केंद्रों में पेजयल, शौचालय समेत अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने, अनुमंडल पुस्तकालय समेत अन्य क्रिन्यावित योजनाओं की जानकारी लेते हुये समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी, हेसला पंचायत कमेटी का हुआ गठन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को हेसला पंचायत कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल उपस्थित थें। मौके पर सर्वसम्मति से दिनेश दास को पंचायत अध्यक्ष और संजय कुमार को पंचायत सचिव नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान दर्जनों युवाओं व वार्ड सदस्य बेबी देवी ने कांग्रेस के कार्यों से प्रेरित होकर पार्टी का दामन थामा। सभी नये सदस्यों को मुख्य अतिथि प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल व कांग्रेस नेताओं ने फूल माला पहनाकर पार्टी में जोरदार स्वागत किया। इसके पूर्व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी पुण्यतिथि मनायी गयी। साथ उनके बताए मार्ग पर चलने का सामुहिक संकल्प लिया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी उपेंद्र प्रसाद यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, दिनेश दास, संजय कुमार, सुनील राम, वरुण कुमार सिंह, शिवा, रवि, बेबी देवी, पार्वती देवी, कुन्ती देवी, सावन, मिथिलेश, राज तुरी, बसंत साव, राजकुमार, गुडु महतो, धीरज, राहुल करमाली, सत्यजीत बारला, दीपु, शंभु करमाली, प्रवीण, सुजीत चैधरी, परशुराम दांगी, लालू, बसंत ठाकुर, अंकित मिश्रा, मयंक बारला, अरविंद कुमार आदि मौजूद थें।

## पति के लापता होने का मामला

**चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड के कोबना गांव की एक महिला सोनिया देवी ने स्थानीय थाना में अपने पति के लापता होने का मामला दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि उसका पति रामकृत यादव 15 मई के दोपहर से अचानक घर से लापता हो गये है। महिला का कहना है कि उसने सभी सगे-संबंधियों से पुछताछ कर ली है लेकिन कहीं पता नहीं चल रहा है। वह अपने पति की खोज में इधर-उधर भटक रही है।

# सिद्धारमैया के समक्ष बड़ी चुनौती

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के करीब एक सप्ताह बाद शनिवार को प्रदेश के नये मुख्यमंत्री के रूप में सिद्दारमैया ने एक उपमुख्यमंत्री और आठ मंत्रियों वाली अपनी मंत्रिपरिषद के साथ शपथ ग्रहण कर लिया। इस दौरान उनमें और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डी शिवकुमार में मुख्यमंत्री पद को लेकर तगड़ी रस्साकशी हुई। इससे पार्टी में एकजुटता का वह दावा जरूर कुछ कमजोर हुआ, जो पूरे चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस की ताकत के रूप में रेखांकित होता रहा था, लेकिन अब वह एक बीता हुआ अध्याय है। राज्य को नयी सरकार मिल चुकी है। बहरहाल, यह सवाल बना हुआ है कि नेतृत्व विवाद को सुलझाने के लिए किस तरह का फॉर्म्युला अपनाया गया। किसी भी पक्ष ने आधिकारिक तौर पर इस बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन मीडिया के एक हिस्से में सूत्रों के हवाले से 30-30 महीने पद साझा करने की जो बात आ रही है, वह अगर सही है, तो कहा जा सकता है कि पार्टी ने भविष्य के लिए विवाद के बीज बो दिये हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में ऐसे अघोषित वादे और आश्वासन सरकार और पार्टी की असुविधा का कारण बनते रहे हैं। इस एक बिंदु को छोड़ दिया जाये, तो कहा जा सकता है कि पार्टी नेतृत्व ने कर्नाटक में सरकार गठन के सवाल को शांति, समझदारी और कुशलता के साथ निपटाया है। अब नजर इस बात पर रहेगी कि आगे यह सरकार कितनी स्थिर साबित होती है और अपने कामकाज से कैसा उदाहरण पेश करती है। इस संदर्भ में कांग्रेस इस बात का श्रेय जरूर लेना चाहेगी कि जैसा कि उसने चुनावों के दौरान वादा किया था, नयी सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में ही उन पांचों गारंटी को पूरा करने का फैसला कर लिया, जो पार्टी घोषणापत्र का हिस्सा थीं। निश्चित रूप से ये गारंटी - गृहलक्ष्मी (महिलाओं को 2000 रुपये प्रति माह), गृह ज्योति (प्रति माह 200 यूनिट फ्री बिजली), युवा निधि (ग्रैजुएट को 3000 रुपये और डिप्लोमाधारी को 1500 रुपये प्रति माह), अन्न भाग्य (प्रति व्यक्ति 10 किलो चावल प्रति माह मुफ्त) और उचित प्रयाण (महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा)- कर्नाटक के लोगों के लिए बेहद अहम हैं। लेकिन दो और बातें गौर करने की हैं। एक तो यह कि मंत्रिमंडल ने अभी इन पांचों गारंटी को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। सो देखना होगा कि इन पर अमल कब, कैसे और कितना होता है और लोगों को इसका फायदा मिलना कब से शुरू होता है। दूसरी बात यह कि करीब 3 लाख करोड़ के बजट और 78 हजार करोड़ कर्ज वाले राज्य में इन पांच गारंटियों पर ही 50 हजार करोड़ रुपये सालाना खर्च आने का अनुमान है। ऐसे में देखना होगा कि राज्य सरकार इस अतिरिक्त खर्च को कैसे मैनेज करती है और उसका राज्य की वित्तीय सेहत या अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर किस तरह का असर होता है।

**मीडिया के एक हिस्से में सूत्रों के हवाले से 30-30 महीने पद साझा करने की जो बात आ रही है, वह अगर सही है, तो कहा जा सकता है कि पार्टी ने भविष्य के लिए विवाद के बीज बो दिये हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पाकिस्तान ने आतंकवाद और कट्टर आतंक को अपनी राज्य नीति का हिस्सा बना लिया है। भारत के प्रति घृणा को राष्ट्रीय आख्यान बना दिया गया। समय ने साबित कर दिया है कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पागलपन निराधार है। भारत-पाकिस्तान संबंधों को 1947 में विभाजन, कश्मीर समस्या और दो दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच सैन्य संघर्ष द्वारा आकार दिया गया है, हालांकि दोनों देश सामान्य भाषाई, सांस्कृतिक, भौगोलिक और आर्थिक संबंध सांझा करते हैं।**

# जी-20 बैठक को निशाना बनाने की बजाय पाक अपनी समस्याओं पर ध्यान दे

अशोक भान

1971 में इसके विघटन के बाद, पाकिस्तान राजनीतिक और आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जो उसके अस्तित्व को ही खतरे में डाल सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी और सेना व मौजूदा सरकार द्वारा उनके खिलाफ तमाम बंदूकें तानने से देश की मुश्किलें और जटिल हो गयी हैं। कश्मीरी नौजवान, जिन्हें यह विश्वास हो गया था कि सीमा पार शहद और दूध बहता है, अब महसूस करते हैं कि विफल राज्य के सपने देखने का कोई मतलब नहीं। पाकिस्तानी रुपए के मूल्य में गिरावट और विदेशी मुद्रा भंडार घटने के साथ, देश खाद्य जैसे महत्वपूर्ण उत्पादों को आयात करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिससे वितरण केंद्रों पर घातक भगदड़ मच गयी है।

यह डर कि पाकिस्तान अपने कर्ज को चुकाने में असमर्थ होगा, महीनों से बना हुआ है। बहुत जरूरी वित्तीय सहायता प्राप्त करने की देश की क्षमता सवालों के घेरे में है। सीएनएन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में भोजन की लागत लगभग 47 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 52 प्रतिशत से अधिक बढ़ने के साथ, मुद्रास्फीति अप्रैल में 36.4 प्रतिशत की वार्षिक दर पर पहुंच गयी। सरकार की विश्वसनीयता एक नये निम्न स्तर पर है और जनता का गुस्सा बढ़ रहा है। निवेशकों का मानना है कि देश की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए आइएमएफ द्वारा बताये गये सुधारों को अपनाने की संभावना नहीं है, क्योंकि वे जल्द ही आर्थिक कठिनाइयों में योगदान देंगे। फरवरी में, रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में सरकारी राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए जायेगा, जो आर्थिक संकट और राजनीतिक असंतोष को बढ़ावा दे रहा है।

**पाकिस्तान आतंकवादी और अलगाववादी समूहों के हमलों को रोकने के लिए भी संघर्ष कर रहा है।**



**पाकिस्तान में गंभीर राजनीतिक उथल-पुथल को देखते हुए, नीति निर्माताओं को भारत की जी-20 अध्यक्षता के खिलाफ विषवमन की बजाय पाकिस्तान में अनिश्चित स्थिति को संबोधित करने पर ध्यान देना चाहिए। जी-20 न केवल भारत के लिए एक ऐतिहासिक घटना है, बल्कि कश्मीर में बैठक आयोजित करके दुनिया को पर्यटन क्षमता के पूर्ण विकास और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विकास की सीमा का प्रदर्शन करना चाहिए।**

पाकिस्तान ने आतंकवाद और कट्टर आतंक को अपनी राज्य नीति का हिस्सा बना लिया है। भारत के प्रति घृणा को राष्ट्रीय आख्यान बना दिया गया। समय ने साबित कर दिया है कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पागलपन निराधार है। भारत-पाकिस्तान संबंधों को 1947 में विभाजन, कश्मीर समस्या और दो दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच सैन्य संघर्ष द्वारा आकार दिया गया है, हालांकि दोनों देश सामान्य भाषाई, सांस्कृतिक, भौगोलिक और आर्थिक संबंध सांझा करते हैं। न केवल भारत के साथ, बल्कि पाकिस्तान अपने पूर्वी हिस्से, आज के बंगलादेश के साथ भी शांति नहीं बना सका।

बंगाली आबादी का एक सामूहिक नरसंहार पाकिस्तानी सेना द्वारा उकसाया गया था, जो अब एक लोकप्रिय नागरिक नेता के साथ ठीक उसी तरह व्यवहार कर रही है, जैसे उसने मजबूत बंगाली व्यक्ति शेख मुजीबउर्रहमान के साथ किया था, जो अंततः देश के विघटन का कारण बना। जिस तरह से सेना और खान को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया गया है, देश का और अधिक विघटन दूर नहीं दिखता। यहां तक कि कश्मीर में कट्टर पाकिस्तान समर्थक ताकतें भी जवाब ढूंढ रही हैं। वे सोच रहे हैं कि क्या इस्लामाबाद की ओर मुड़ना अभी भी व्यावहारिक या संभव है।

**बदमाश तत्व आतंकियों को संरक्षण दे रहे हैं :** पाकिस्तानी प्रतिष्ठान में दुष्ट तत्वों ने आतंकवादियों को संरक्षण दिया है, जो हर जगह पूरी तरह से सशस्त्र मिलिशिया बन गये हैं और हिंसा में लिप्त हैं। ये दुष्ट तत्व उग्रवादियों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करते हैं और उन्हें भारतीय धरती पर इस्तेमाल करने के लिए कमीशन देते हैं। राजौरी में हाल ही में हुआ आतंकवादी हमला इस मामले में एक वास्तविक मामला है। यह पहली बार है कि सेना द्वारा कठोर कानूनों के इस्तेमाल के खिलाफ सेना के प्रतिष्ठानों पर जनता के हमलों से पाकिस्तानी सेना हिल गई है। यह पाकिस्तान के लिए आर्थिक संकट और गहरी राजनीतिक उथल-पुथल से उबरने के लिए अपने मामलों पर ध्यान केंद्रित करने का समय है। कश्मीरियों ने एक असफल राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान को छोड़ दिया है और अब मानते हैं कि पाकिस्तान पहले बंगलादेश और फिर कश्मीर और अब खुद के लिए मौत और विनाश लाया है।

राजनीतिक उथल-पुथल पाकिस्तान में गहराते आर्थिक संकट को बढ़ा सकती है, जो बढ़ती महंगाई और बढ़ती गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहा है। कैश-स्ट्रैप्ड देश को डिफॉल्ट के खतरे का सामना करना पड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस्लामाबाद को महीनों तक ऋण देने में देरी की है, क्योंकि वह तत्काल सुधारों की मांग कर रहा है। पाकिस्तान आतंकवादी और अलगाववादी समूहों के हमलों को रोकने के लिए भी संघर्ष कर रहा है। चरमपंथी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हाल के वर्षों में इस्लामाबाद के खिलाफ अपने विद्रोह को तेज कर दिया है, प्रमुख शहरों में घातक हमले किये हैं।

व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सेना बुलानी पड़ी। ऐसी अटकलें हैं कि सेना मार्शल लॉ लगा सकती है। प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने पिछले नवंबर में समाप्त हुई बातचीत के बाद से अपने हमलों का विस्तार किया है। मुख्य रूप से खैबर पख्तूनख्वा पुलिस और अफगानिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। जब से अफगान तालिबान ने सीमा पार सत्ता संभाली है, आतंकवादी समूहों, विशेष रूप से टीटीपी द्वारा हमलों के आयोजन और उन्हें अंजाम देने की अनगिनत रिपोर्टें आयी हैं। पाकिस्तान में गंभीर राजनीतिक उथल-पुथल को देखते हुए, नीति निर्माताओं को भारत की जी-20 अध्यक्षता के खिलाफ विषवमन की बजाय पाकिस्तान में अनिश्चित स्थिति को संबोधित करने पर ध्यान देना चाहिए। जी-20 न केवल भारत के लिए एक ऐतिहासिक घटना है, बल्कि कश्मीर में बैठक आयोजित करके दुनिया को पर्यटन क्षमता के पूर्ण विकास और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विकास की सीमा का प्रदर्शन करना चाहिए। यह कश्मीर घाटी के युवाओं के लिए दुनिया को यह बताने का दुर्लभ अवसर है कि भारत आधुनिक, वैज्ञानिक और शांतिपूर्ण जीवन की भूमि है, जबकि पाकिस्तान का मतलब कश्मीरियों के लिए मौत और विनाश है।

## जमशेदपुर की खबरें

# वृद्धा आश्रम का चंपई सोरेन ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में सरायकेला प्रखंड अंतर्गत साहिबगंज गांव के मधुपुर में स्थित नवनिर्मित वृद्धाश्रम का आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन ने उद्घाटन किया। मौके पर उपायुक्त अरवा राजकमल, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वही 50 बेड क्षमता वाले केंद्र में तत्काल 25 बुजुर्ग महिला/पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मंत्री चम्पई सोरेन ने वृद्धा आश्रम का निरिक्षण किया। साथ ही केंद्र में बुजुर्गों के लिए की गई व्यवस्था, दी जा रही सुविधाए के बारे में जानकारी ली। इस दौरान केंद्र में बुजुर्गों के द्वारा मंत्री चम्पाई सोरेन, उपायुक्त अरवा राजकमल को पुष्प का पौधे प्रदान कर स्वागत किया। वही मंत्री और उपायुक्त के द्वारा बुजुर्गो के बीच दैनिक उपयोग के उपहार बॉक्स और महिलाओं को साड़ी और वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंत्री सहित सभी अतिथियों ने बुजुर्गों के साथ एक टेबल पर भोजन का आनंद उठाया। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा सरायकेला जिले के साहिबगंज गांव में वरिष्ठ नागरिक के लिए भवन का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा क्षेत्र में रहने वाले सभी हमारे अभिभावक स्वरूप है। हम सभी का कर्तब्य बनता है इनका देखभाल करना। इन्हें किसी भी प्रकार की सुविधाओं का दिक्कत ना हो इन्हें कभी अकेलापन ना लगे इसके लिए कार्य किया जा रहा है। मंत्री चम्पई सोरेन ने कहा मुझे इनमें से किसी से परिचय तो नहीं है लेकिन सभी गार्जेन सरूप है। हम इनसे अलग नहीं है इन्हे परिवार जैसा माहौल मिले यह कभी अपने आप को अकेला महसूस ना करे इसके लिए झारखंड सरकार प्रयासरत है।

## श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर सेवा शिविर का आयोजन

# अपनी मातृभूमि के लिए शहादत भी देनी पड़े तो पीछे नहीं हटना है : अमरप्रीत सिंह काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में शहर के कई स्थानों पर संगत के बीच कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने सेवा शिविर लगा कर गुरु के लंगर के रूप में मीठा सरवत और चना प्रसाद का वितरण किया। साकची कालीमाटी रोड में बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में भी सेवा शिविर लगाया गया। इस अवसर पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि यह अवसर सबसे पहले यह सिखाता है कि जब जरूरत पड़े तो गेम अपने धर्म और अपनी मातृभूमि के लिए अगर शहादत भी देनी पड़े तो पीछे नहीं हटना है। उन्होंने कहा कि साथ ही यह अवसर हमें एक नेक इंसान बनने की शिक्षा देता है। जरूरत है जो सभी धर्मों का और प्रत्येक इंसान को स्नेह की नजर से देखे, सभी को सम्मान दे, सभी धर्मों की इज्जत करे, सभी के दुःख सुख में खड़ा रहे, गरीब और आमिर में फर्क ना करे और समय आने पर अपने धर्म और अपनी मिट्टी की खातिर अपने प्राण का बलिदान भी कर दे। काले ने सभी से श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज जी के दिखाये हुए तपस्वी मार्ग का अनुसरण करने और अपने वतन की आन बान और शान की खातिर एकजुट होने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार भगवान सिंह , तख़्त श्री हरमंदिर साहिब के सरदार शैलेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह खनुजा, दलजीत सिंह, जितेंद्र चावला, लखिंदर सिंह (लाली), साकची गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के निशान सिंह, पूर्व प्रधान हरविंदर सिंह मंटू, रणबीर सिंह बब्बू, लघु उद्योग भारती के नंद कुमार सिंह, नमन के संरक्षक बृज भूषण सिंह, जय प्रकाश रॉय, कुल्विंदर सिंह पन्नू, राघवेंद्र शर्मा, राजू मारवाह, जसवीर सिंह शीरे, सतनाम सिंह गंभीर, अमरजीत सिंह, महेंद्र सिंह, परमजीत सिंह काले, गोल्डू सिंह, त्रिलोचन सिंह (टोची), नरेंद्र पाल सिंह भाटिया, चंचल सिंह, पंकज वर्मा, कश्मीर सिंह शीरे, महेश मिश्रा, जुगुन पाण्डेय, सुमन गुप्ता, मनीष सिंह, नवीन तिवारी, बिनोद, पिंटू, सागर चौबे। काले ने उपस्थित सभी का आभार भी प्रकट किया।

# कांड्रा में हाइवा-ट्रक टक्कर में दो की मौत

आजाद सिपाहिी संवाददाता



**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले में सड़क हादसे काफी बढ़ गया है। रोज कहीं ना कहीं सड़क दुर्घटना अखबारों की सुर्खियों में है। सोमवार को अहले सुबह कांड्रा- चौका मुख्य मार्ग पर रघुनाथपुर काली मंदिर से पहले हाईवा और ट्रक में सीधी टक्कर हो गई। जोरदार टक्कर में दोनों बहनों के चालको का घटनास्थल पर मौत हो गई। वही हाईवा और ट्रक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।
वहीं सड़क से आवागमन बाधित हो गया। दोनों वाहनों के चालकों का शव गाड़ियों में ही फंसा रहा। सूचना मिलते ही कांड्रा पुलिस मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन कर सड़क को खाली कराया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# महिला किसान ने फूलों की खेती से बनायी अलग पहचान



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा प्रखंड स्थित अंगारपाड़ा पंचायत के पुनासिया गांव की निवासी महेश्वरी मुंडा ने प्रगतिशील किसान के रूप में एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने ने न सिर्फ एक सफल प्रयास, उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुद्दढ़ करने के साथ साथ अन्य महिलाओं को भी स्वावलंबी के राह पर ले जाने का काम किया है। बीते 20 साल पहले महेश्वरी मुंडा की शादी सुकलाल मुण्डा के साथ हुई थी। पारंपरिक खेती पर निर्भर महेश्वरी के परिवार में एक समय ऐसा भी था पति-पत्नी दोनों को दूसरों के घर मजदूरी करके जीवन-बसर करना पड़ता था। महेश्वरी ने जानकारी देते हुए कहा संयोगवश वर्ष 2018 में एक किसान गोष्ठी के दौरान आत्मा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मिली थी। उसी समय ठान लिया नई तकनीक से खेती करने की। ताकि मुनाफा अच्छा हो सके। साथ ही मजदूरी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

**तकनीक अपनाकर खेती में बढ़ाया गया उपज, आमदनी बढ़ी।**

महेश्वरी मुंडा ने शुरूआत में नई तकनीक सीखने पर ज्यादा जोर दी। दिया। साथ ही उन्होने चना, सरसो और गरमा धान की खेती की। जिसमें आत्मा कर्मियों का पूरा सहयोग मिला। धीरे-धीरे खेती में उपज बढ़ता गया जिससे सलाना पहले जहां 30 से 40 हजार रुपए आमदनी होती थी वो बढ़कर एक लाख रुपिया तक मुनाफा होने लगा।

**शादी के सीजन में प्रतिदिन 400-500 तक फूलों से होती है आमदनी।**

महेश्वरी मुंडा को खेती के प्रति विशेष रूचि को देखते हुए आत्मा के द्वारा साग-सब्जी की खेती के साथ-साथ फुलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। महेश्वरी मुंडा को जरबेरा फूल की खेती के लिए उद्यान विभाग से सहयोग मिला। शादी के मौसम में खपत बढ़ जाने से प्रतिदिन वह लगभग 400-500 रू. फूल बेचकर मुनाफा कमाती हैं। आज वे अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन जी रही हैं। जरबेरा फूल की खेती से सालाना महेश्वरी मुंडा को लगभग एक लाख रू. से अधिक की आमदनी हो रही है ।

**किसानों के लिए महेश्वरी मुंडा का संदेश।**

राज्य सरकार किसानों के हित में सब्सिडी पर कई योजना चला रही है। उन्होंने कहा किसानों को पंपसेट या सिंचाई कूप अथवा डोभा का निर्माण हो सभी जागरूक होकर योजनाओं का लाभ लेते हुए खेती करें तो खेती किसानी का कार्य बोझ नहीं लगेगा। उन्होंने कहा किसानों को ट्रेनिंग देना हो या नई तकनीक की जानकारी देना कृषि विभाग, उद्यान विभाग और आत्मा के पदाधिकारी-कर्मियों का भरपूर सहयोग मिलता है। ग्रामीणों को आगे आकर इसका लाभ उठाना चाहिये।

महत्वपूर्ण न्यूज

## दुर्घटना को दावत दे रहा एयरटेल कंपनी की ओर से सड़क किनारे खोदा गया गड्ढा



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के इंदिरा गांधी चौक पर सड़क किनारे एयरटेल कंपनी के द्वारा खोदा गया गड्ढा दुर्घटना को दावत दे रहा है। स्थानीय युवक मदन केशरी, मुबारक अंसारी, प्रवीण प्रजापति व कांग्रेस युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया गया कि भंडरिया प्रखंड में एयरटेल कंपनी के द्वारा पिछले कुछ माह से पाईप बिछाने का कार्य किया जा रहा है। पाईप बिछाने को लेकर ही उक्त कंपनी के द्वारा पिछले पन्द्रह दिनों से मुख्यालय के मुख्य इंदिरा गांधी चौक जो भीड़भाड़ इलाका के साथ-साथ अन्य शहरों से जोड़ने वाली मुख्य सडक है। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन उक्त सड़क से गुजरते हैं। तीखा मोड़ होने के कारण उक्त सड़क पहले से ही काफी संकीर्ण है तथा दुर्घटनाग्रस्त इलाका घोषित है। इसके बावजूद एयरटेल कंपनी के द्वारा दो बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है। जिसमें आये दिन छोटी-छोटी घटना घटती रहती है। अगर समय रहते उक्त गड्ढे को नहीं भरा गया तो एक दिन बड़ी घटना घट सकती है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी के द्वारा पाईप बिछाने के कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है। सड़क से सटे गड्ढा खोदा जा रहा है तथा गड्ढे से निकली मिट्टी को सडक पर पर फेंक दिया जा रहा है, जिससे सड़क संकीर्ण हो जा रही है तथा सड़क पर चलने वाले छोटे-बड़े वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## उत्क्रमित प्रावि मझिगावां में सहायक अध्यापक सूरज पाल को दी गयी विदाई



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मझिगावां में विद्यालय के स्थापना काल से कार्यरत सहायक अध्यापक सूरज पाल के भावभीनी विदाई सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर वरिष्ट सहायक शिक्षक उमेश प्रसाद कर्ण ने कहा की स्थापना काल से ही दिब्यांग होने के बावजूद पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य निभाने का कार्य किया है वह काबिले तारीफ है। उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि चुनु सिंह ने कहा की शिक्षक का कभी सेवा समाप्त नहीं होती बल्कि समाज की और जिम्मेदारियां बढ़ जाती है। वही सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक सूरज पाल ने कहा की जिस तरह विगत 20 वर्षो से स्थानीय ग्रामीण छात्र छात्राओं का सहयोग मिला है उसे भुलाया नही जा सकता। मैं विद्यालय के दौरान सभी बच्चे को अपना पुत्र समझकर शिक्षा का दान दिया हूं।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार के और से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गणेश चंद्रवंशी के अलावे नंदकिशोर चौबे, मनोज कुजुर,मनोज सिंह,लाल सिंह, दिवाकर सिंह,रविंद्र पाल, रवि कुमार गुप्ता,बालेश्वर प्रसाद यादव, सिकंदर उरांव,प्रमोद कुमार सिंह,सुरेंद्र राम सहित अभिभावक गण एवं बच्चे उपस्थित थे।

## चौहरमल कल्याण समिति पदाधिकारियों ने दुष्कर्म पीड़िता के पिता से मिलकर हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा के पदाधिकारियों के द्वारा मेदनीराय मेडिकल कॉलेज में जाकर पलामू जिला हुसैनाबाद प्रखंड के झरगड़ा ग्राम की पीड़ित बालिका जिसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। उसके पिताजी से मुलाकात कर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। साथ में जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिल जाता वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा न्याय के लिए आंदोलन करती रहेगी। मिलने वाले पदाधिकारियों में प्रमंडल प्रभारी रविन्द्र पासवान, गढ़वा जिला प्रवक्ता संजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुमेर पासवान, जिला कोषाध्यक्ष विजय पासवान, जिला संरक्षक बिंदेश्वरी पासवान, पिंटू पासवान एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

**सहयोग :** मंत्री मिथिलेश ने एसपी को दिये शहर में अगलगी की हुई दो घटनाओं की जांच के आदेश

# अग्निकांड पीड़ित दुकानदारों को मंत्री कोटा से दिये 1.90 लाख रु.

**कहा- जो भी इस घटना में शामिल होगा सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर में पिछले तीन दिनों में आगलगी की हुई दो घटनाओं में पीड़ित दुकानदारों को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने मंत्री कोटा से एक लाख, 90 हजार रुपये सहायता राशि के रूप में प्रदान किया है। साथ ही मंत्री श्री ठाकुर ने एसपी अंजनी कुमार झा को स्पेशल टीम गठित कर जांच का आदेश दिया है। शहर के गढ़देवी मोड़ पर ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से जले चार दुकानदारों



शर्मिला देवी, चाय दुकान, मोनू कुमार मालाकार फुल दुकान, प्रिंस केशरी शीशा दुकान एवं मो. अमीनुद्दीन खान पान दुकानदार को 25-25 हजार रुपये तथा चौधराना बाजार सब्जी मार्केट में हुई आगलगी की घटना में पीड़ित सब्जी दुकानदार अशोक महतो, मुन्नू महतो, ओम प्रकाश प्रजापति, अवधेश महतो, सोनू कुमार, अवधेश राम, उमा देवी, रामाशीष कुशवाहा तथा मोतीचंद महतो को 10-10 हजार रुपये मंत्री श्री ठाकुर ने अपने मंत्री कोटा से प्रदान किया है। साथ ही सभी को तत्काल दुकान लगाने के लिए मंत्री ने त्रिपाल प्रदान किया है। इन सभी दुकानदारों को नगर परिषद की ओर से निर्मित अस्थाई दुकान देने का मंत्री ने आश्वासन दिया।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब तक इन सब्जी दुकानों में छह बार आगलगी की घटना घटित हो चुकी है। यह बहुत ही निंदनीय घटना है। इस साजिश का पदार्फाश किया जाएगा। मंत्री ने तत्काल एसपी अंजनी कुमार झा को विशेष टीम गठित कर घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जो भी इस घटना में शामिल होगा सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि दुकानदारों के साथ अगलगी की बहुत ही दुखद घटना घटित हुई है। इस विकट परिस्थिति में वे पीड़ित दुकानदारों के साथ हैं। उन्हें कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, पूरण तिवारी, उपेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा गोवावल मंडल कार्यसमिति की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया गया जोर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी गोवावल मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चन्द्रा की अध्यक्षता में कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य जवाहर पासवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने आजीवन सहयोग निधि एवं बूथ स्तर पर जनसंपर्क कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए पार्टी को मजबूत कैसे बनाया जाए इस पर विशेष रूप से जोर दिया गया। कार्य समिति की बैठक का संचालन मंडल के महामंत्री शैलेश तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कामेश्वर उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अंजनी तिवारी, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामसरीख चंद्रा, उपाध्यक्ष मंडल के अरुण पांडे, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डॉक्टर अछेबर प्रजापति, यदुनंदन चंद्रवंशी, रविंद्र यादव, ओमकार पांडे, मूरली श्याम तिवारी, अरविंदर दुबे, अशोक उपाध्याय उपस्थित थे।

## ओबरा गांव बारात में गये युवक की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गढ़वा सदर क्षेत्र के ओबरा गांव में बारात में आये युवक की हत्या के मामले में 24 घंटा के अंदर हत्या में शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी अवधेश राम का पुत्र विश्वनाथ कुमार बताया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि भवनाथपुर ओपी थाना क्षेत्र के बनखेता गांव निवासी गोपाल राम का पुत्र मंटू कुमार राम की हत्या बारात आने के दौरान ओबरा गांव में कर दी गयी थी। इसके बाद गढ़वा थाने में मृतक के पिता के द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर मृतक मंटू कुमार राम के दोस्त को पूछताछ के लिए गढ़वा थाने लाया था। इस दौरान उसका दोस्त विश्वनाथ कुमार ने बताया कि मंटू कुमार राम का उसकी बहन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात से आक्रोशित होकर मंटू को बारात में आने के लिए बुलाया। इस दौरान उसे शराब पिलाया और नशे में धुत्त होने के बाद मंटू को अपाची गाड़ी से ओबरा गांव के ढलान के पास उसकी मोटरसाइकिल को एक्सीडेंट करवा दिया। इसके बाद उसे ईंट पत्थर से कूच कर तथा बांस से उसे गोद कर हत्या कर दी। पुलिस ने विश्वनाथ कुमार के विरुद्ध गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## सीएचसी में प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**परिजनों ने अस्पताल में तैनात एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सीएचसी में खरौंधी प्रखंड के बजरमरवा की एक महिला का प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो जाने से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में तैनात एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए दोषी एएनएम पर कार्रवाई की मांग करने लगे।

**क्या है मामला :** खरौंधी थाना क्षेत्र के बजमरवा निवासी सतन राम की विवाहिता पुत्री तारा



कुमारी पति राहुल कुमार को प्रसव पीड़ा शुरू होने के बाद रविवार की शाम पांच बजे मकरी स्वास्थ्य उपकेंद्र में लाकर भर्ती कराया था, जहां से स्थिति खराब होने के बाद एएनएम ने महिला को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 2.30 बजे रेफर कर दिया गया, जहां पर तैनात एएनएम अंजू किस्पोटा ने परिजनों से स्थिति ठीक होने की बात कहते हुए नार्मल डिलेवरी होने की बात कहते हुए इलाज चालू किया। बाद में महिला ने सोमवार की सुबह मृत बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद महिला के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। जिसपर मौके पर मौजूद महिला के भाई सत्यम कुमार सहित अन्य लोग आक्रोशित हो गये और एएनएम पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे।

इस संबंध में एएनएम अंजू किस्पोटा ने बताया कि प्रसव के लिए भर्ती के समय हमें लगा कि सबकुछ ठीक ठाक है और नार्मल डिलेवरी हो जाएगा, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर हमने बाहर ले जाने के लिए बोला था, लेकिन परिजन नहीं ले गये, जिस कारण बच्चा उल्टा होने की वजह से बच्चे की मौत ही गई।

जबकि अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि एएनएम द्वारा स्थिति की जानकारी दी गई थी, जिसके बाद उन्होंने प्रसव के लिए बाहर ले जाने के लिए रेफर किया था, लेकिन परिजन नहीं ले गये और घटना घट गई। उन्होंने एएनएम की लापरवाही बरतने की बात से इंकार किया है।

## प्रोजेक्ट कन्या उवि में सामाजिक विज्ञान विषय के नवनियुक्त शिक्षक के योगदान से छात्राओं और अभिभावकों में हर्ष

**25 मई तक हिंदी, विज्ञान व अंग्रेजी विषय के तीन और शिक्षक अपना योगदान देंगे : प्राचार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट कन्या उवि में सोमवार को समाजिक विज्ञान विषय के नवनियुक्त शिक्षक भवनाथपुर के ग्राम बरवरी निवासी दयाशंकर यादव के योगदान देने के बाद इस क्षेत्र की छात्राओं व अभिभावकों मे खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि आदिवासी बहुल क्षेत्र बड़गड़ व भंडरिया प्रखंड का एकलौता गर्ल्स हाई स्कूल पिछले तीन वर्षों से दो शिक्षक के ही भरोसे चल रहा था। उसमें भी एक शिक्षक आज से चार माह पूर्व सेवानिवृत्त हो गए थे। जिसके बाद विद्यालय में एकमात्र शिक्षक विरेंद्र तिवारी ही बच गए थे। वर्तमान में



नवीं एवं दसवीं कक्षा के अनुमानित 150 आदिवासी, गैर आदिवासी छात्राएं विद्यालय में अध्यनरत हैं। विद्यालय में शिक्षक के अभाव के कारण संचालित सभी विषय का पठन-पाठन पूरी तरह से प्रभावित हो गया था। विद्यालय में छात्राओं का नामांकन भी नहीं के बराबर हो गया था। विद्यालय में शिक्षक की मांग के लिए कई बार छात्राओं व अभिभावकों के द्वारा आवाज उठाई गई थी, जो आज पूर्ण होता हुआ दिखाई दे रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि आगामी 25 मई तक हिंदी, विज्ञान व अंग्रेजी विषय के तीन और शिक्षक अपना योगदान विद्यालय में दे देंगे। जिसके बाद विद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी तथा विद्यालय में अद्यतन छात्राओं का संपूर्ण विषय की पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो जाएगी।

## नशे में धुत युवक को हथियार लहराते पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने रविवार की रात्रि गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव से हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में पाटन थाना क्षेत्र के सगुना गांव निवासी उमेश राम का पुत्र विकास कुमार एवं पाटन ओपी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी आनंद वर्मा उर्फ अनंतराम का पुत्र राहुल कुमार वर्मा के नाम शामिल



हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि विश्रामपुर से गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी जगदेव चंद्रवंशी की बेटी की बारात आयी हुई थी। इसमें विकास कुमार भी बरात में आया था। इस दौरान उन्होंने एक दुकान पर बैठकर शराब पिया। इसके बाद उसकी बोतल लेकर किसी के घर पर फेंक दिया। इसका विरोध करने पर पिस्तौल निकालकर मारने की धमकी देने लगे तथा पिस्तौल हाथ में लेकर भीड़भाड़ में लहराने लगे। इस घटना को देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।


**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,(I.T.D.A) गुमला**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अलसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

प्रवेशिकोत्तर (कॉलेज) राज्य के अन्दर (WS)/ राज्य से बाहर (OS) में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2022–23 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवयक सूचना

प्रवेशिकोत्तर (कॉलेज) छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा E- Kalyan पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु निर्धारित तिथि।

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | ई – कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| | **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर)** | |
| 1. | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 20.06.2023 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 30.06.2023 |
| | **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर)** | |
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई– कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 30.05.2023 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 20.06.2023 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 30.06.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार **Website – ekalyan.cgg.gov.in** पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

PR 298023Welfare(23-24)#D


**प्रेस कांफ्रेंस :** जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 24 मई को

# चयनित टीम राज्य प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन ट्रायल दिनांक 24.05.2023 बुधवार को स्थानीय रामासाहू स्टेडियम में प्रातः 6.00 बजे से होना सुनिश्चित है। इस प्रतियोगिता के आधार पर गढ़वा जिला की टीम राज्य प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेगी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रामगढ़ के रजरप्पा में आगामी 27 से 28 मई तक होना प्रस्तावित है। यह प्रतियोगिता अंडर 14 और अंडर 17 बालक-बालिका दो आयु वर्गों में विभाजित है। सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित है और

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रामगढ़ के रजरप्पा में आगामी 27 से 28 मई तक होना प्रस्तावित है**

आधार कार्ड प्रतियोगिता स्थल पर लाना अनिवार्य है।

अंडर 14 बालक-बालिका का इवेंट्स निम्न प्रकार से है। अंडर 14 बालक-बालिका 1.60 मीटर, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, शॉटपुट 2.60 मी., स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, हाई जंप, 3.60 मी., स्टैंडिंग ब्रॉड जंप,



600 मी. किड्स जैवलिन, अंडर 16 बालक-बालिका 80मीटर, 600 मी., 1600 मी., हाई जंप, लांग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो। अंडर 14 बालक-बालिका की जन्मतिथि 27.05.2009 से 28.05.2011 के बीच तथा अंडर 16 बालक-बालिका की जन्म तिथि 27.05.2007 से 28.05.2009 के बीच होना चाहिए।

प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी के लिए सुशील कुमार तिवारी जिनका मोबाइल नं. 6201073740, अजयकांत मो. नं. 7461906890, रणजीत कुमार मो. नं. 6207615709, अमित कुमार मो. नं. 7488776573 से संपर्क किया जा सकता है।

## लापता अधेड़ का पहाड़ की तलहटी से मिला शव

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बसरिया गांव के गिद्धियाही जंगल से सड़ी गली अवस्था में एक अधेड़ का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान बसरिया गांव निवासी विफन सिंह खरवार के रूप में हुई है। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। चौकीदार तथा मृतक के परिजनों द्वारा कपड़े से उसकी पहचान विफन सिंह खरवार के रूप में की गयी। मृतक के पुत्र एवं परिजनों द्वारा पुलिस को बताया गया कि बिफन सिंह की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी, वह विगत कुछ दिनों से घर से गायब थे, जिनकी खोजबिन की जा रहा थी।


**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 वर्ष 2023–24 दिनांक–22.05.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 29.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | दिनांक – 30.05.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 31.05.2023 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। 2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 9. | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Toilet at Anganwari Center of different Blocks of District Hazaribagh under D. W. & S. Division, Hazaribagh for the year 2023 -24 on "TURN KEY BASIS". **[Head-DMFT Fund] – 11 Nos. Toilet** | 6,12,766/- | 13,000/- | 1,250/- | Two Month |

निविदा की शर्त्ते विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.in एवं इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से भुगतेय होगा।

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।**

PR 298030 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## माओवादी दस्ते के सक्रिय सदस्य मंगरा असुर की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गुमला।** जिला के गुरदरी थाना अंतर्गत चोटोंगपाट निवासी 30 वर्षीय सोहन असुर, पिता मंदरू असुर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए आरोपी ने बताया 2014 में मैंने माओवादी के सक्रिय सदस्य मंगरा असुर की टांगी से गर्दन काट कर हत्या कर दी थी। जिसके बाद मैं उग्रवादी संगठन झांगुर गुट के सुप्रीमो रामदेव के नेतृत्व में संगठन में शामिल हो गया। वहीं आरोपी ने बताया कि मंगरा प्रतिबंधित माओवादी संगठन का सक्रिय सदस्य था। जब भी वह गांव आता लोगों को डराते-धमकाते रहता था। मुझे भी डराता-धमकाता था और रुपये पैसे और मुर्गा की मांग करता था। बात नहीं मानने पर जान से मारने की धमकी देता था। घटना के दो दिन पूर्व वह गांव में मुझे मारने के लिए ढूंढ रहा था, तभी मौका पाकर घटना की रात 8:00 बजे मैं उसके घर में घुस गया, जहां वह सोया हुआ था। जिसके बाद टांगी से उसकी गर्दन को काटकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं घर से निकलते वक्त उसकी मां मुझे देख ली। जिसके बाद मैं झांगुर गुट के संगठन में चला गया। दो वर्ष वहां रहने के बाद मैं काम करने पटना भाग गया। दो सप्ताह पूर्व पटना से लौटकर बॉक्साइट कंपनी में लेबर का काम कर रहा था। वहीं मेरे घर की कुर्की जब्ती हो जाने के बाद मैं सरेंडर करने वाला था कि तभी पुलिस ने आकर मुझे गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे जेल भेजा जाएगा।

## सिसई रेफरल अस्पताल में आयोजित शिविर में 44 लोगों ने किया रक्तदान

**सिसई। (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, चिकित्सा प्रभारी डॉ ललिता मिंज की उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव के द्वारा रक्त दान कर कैम्प की शुरुआत की गयी। कैम्प में 106 महिलाओं सहित कुल 144 इच्छुक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। वहीं शिविर में समाजसेवी मनोज वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव,राजा अंसारी, मो. उमर फारुक अंसारी, विकास दुबे, विष्णु हजाम, सुबोध महतो, सीताराम सिंह, रितिक जायसवाल सहित कुल 44 लोगों ने रक्त-दान किया। इस बार के कैम्प में आंगनबाड़ी सेविका- संयोजिका व स्वास्थ्य सहिया व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं काफी संख्या में रक्त-दान के लिए शिविर पहुंची, किन्तु रक्तदान से पूर्व जांच में अधिकांश महिलाओं का हिमोग्लोबिन की मात्रा कम पाए जाने के कारण बल्ड नहीं लिया जा सका। कैम्प के दौरान तीन आंगनबाड़ी सेविका, दो सहायिका एक स्वास्थ्य सहिया, एक स्वयं सहायता समूह की महिला ने अपना रक्त-दान किया। रक्त दान करने वालों को एक टोपी व एक-एक विशेष कप प्रदान किया गया। मौके पर सदर अस्पताल गुमला बल्ड बैंक के लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, अंजू किण्डो, बीनू उरांव, डमरुधर साहु व रेफरल अस्पताल के विजय कुमार, ललित शाहदेव, अनिता जी मौजूद थे।

## ग्रामीण चिकित्सा शिविर में एनीमिया से मुक्ति के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चिरोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम चौरापाठ में सीएसआर कार्यकर्म के तहत अम्तिपानी-चिरोडीह खान मिनिरल एवं मिनिरल (हिंडालको लिमिटेड) की ओर से ग्रामीण चिकित्सा शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों का इलाज किया गया। जिसमें कुल 45 मरीजों का इलाज डॉक्टर अजींक पवार ने किया। ग्रामीणों को एनीमिया मुक्त करने हेतु 06 से 59 माह के आयु के माता-पिता एवं महिलाओं को उचित खान-पान के बारे में भी परामर्श एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर सीएसआर अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि गांव के लोगों के लिए महीने में दो बार निशुल्क ग्रामीण चिकित्सा शिविर का आयोजन अम्तिपानी और चिरोडीह पंचायत में किया जाता है। साथ ही संबंधित दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। जिसमें सभी प्रकार के रोगों का इलाज डॉक्टर द्वारा किया जाता है। मौके पर नर्स ज्योति टोपनो, एएनएम तेजमुनी मुंडा उपस्थित थे।

## जिप अध्यक्ष ने सिमडेगा जिला अंतर्गत कुरडेग प्रखंड में क्षेत्र भ्रमण कर की योजनाओं की समीक्षा



**सिमड़ेगा /कुरडेग (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद अध्यक्ष सिमडेगा रोस प्रतिमा सोरेंग ने सिमडेगा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखण्डों का क्षेत्र भ्रमण कर समीक्षा बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। सोमवार को सिमडेगा जिले के कुरडेग प्रखंड के सभागार सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक रोज प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में की गयी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान मनी एक्का, जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी, पैकरा जिप सदस्य संता रोसालिया कांडूलना के साथ पंचायत सचिव, मुखिया पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

**बैठक :** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक में बनायी गयी आंदोलन की रणनीति

# 25 को मशाल जुलूस और 26 को बंदी का लिया निर्णय

**केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने पिछड़ी जाति के सभी लोगों 26 मई की बंदी में सहयोग करने की अपील की**

**कहा- सात जिलों में पिछड़ी जाति को सभी अधिकारों से वंचित रखा गया है, हम अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ेंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** सोमवार को बसिया धर्मशाला में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 25 मई शाम को बसिया देवी गुड़ी चौक से लेकर लौंगा तक विशाल मशाल जुलूस निकालने, 26 को पूर्णतः बंदी करने को लेकर रणनीति बनायी गयी। बंदी के दौरान पोकला में ट्रेन रोकने का भी निर्णय लिया गया। इस बंदी में केवल प्रेस, दूध और एम्बुलेंस सेवा को छूट देने की बात कही गयी।

बैठक में उपस्थित उदासन नाग ने कहा कि झारखण्ड में पिछडी जाति की सबसे ज्यादा जनसंख्या है। इसके बावजूद सभी सरकारों ने पिछड़ी जाति के लोगों को ठगने का कार्य किया है। सात जिलों में पिछड़ी जाति के लोगों को हवा पानी के अलावे सभी अधिकारों से वंचित रखा गया है। हम अपने अधिकारों के लिए एक संगठन बनाकर अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ेंगे और संगठन से ही हमें अधिकार की प्राप्ति होगी।

उदासन नाग ने पिछडी जाति के सभी लोगों, व्यापारियों, समाजसेवियों व महिला-पुरुषों से आगामी 26 मई की बंदी में सहयोग करने की अपील की है।

बैठक में मुख्य रूप से जगदंबा साहू, कृष्णा कुशवाहा, भोला साहू, दिनेश साहू, शैलेश साहू, तिजु साहू, जन्मजय साहू, राम साहू, कृष्णा ओहदार, सतीश साहू समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया पर्वतारोहण

**इस तरह का कार्यक्रम से बच्चों में उत्साहवर्धन के साथ-साथ सीखने का जज्बा बढ़ता है : प्राचार्य**



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा के छात्रों ने मकरा गांव स्थित पहाड़ पर सोमवार को पर्वतारोहण किया। पर्वतारोहण में कक्षा आठवीं के 18 छात्र तथा 13 छात्राओं ने, कक्षा नौवीं के 6 छात्र तथा 6 छात्राओं ने एवं कक्षा दसवीं के 7 छात्रों ने इस साहसिक कार्य में भाग लिया। जिसमें छात्रों द्वारा रस्सी के सहारे पहाड़ की चढ़ाई की गई।

मौके पर प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम कराने से बच्चों में उत्साहवर्धन के साथ-साथ सीखने का जज्बा बढ़ता है। छात्रों में कॉन्फिडेंस बढ़ता है और वह किसी भी मुश्किल घड़ी में आगे बढ़ सकें जिसके लिए तैयारी कराई जाती है। बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास होना जरूरी है ताकि वह अन्य क्षेत्रों में भी अपना परचम लहरा सकें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक एवं सचिव अंकिताश्री के अलावा विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं शामिल थे।

## घाघरा में रांची महापौर के पिता के ब्रह्मभोज में पहुंचे केंद्रीय मंत्री, रास सांसद और भाजपा नेता

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई नेताओं ने पुष्पार्चन कर दी श्रद्धांजलि**



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित रांची महापौर सह भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आशा लकड़ा के पिता के ब्रह्मभोज में सोमवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई राज्यसभा सांसद पहुंचे। इस क्रम में डॉ. आशा लकड़ा के पिता हरिचरन भगत के चित्र पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा राष्ट्रीय संगठक बी सतीश, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, समीर उरांव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मबीर सिंह सहित कई राज नेताओं ने पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं राजनेताओ ने कहा कि इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार साथ है। मौके पर पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, भिखारी भगत, तेम्बू उरांव, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, पूर्व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी अशोक उरांव, अमित ठाकुर सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

## 'दिल की रसोई' रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के जशपुर रोड में करौंदी रथ बगीचा के समीप दिल की रसोई रेस्टोरेंट का गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर एसडीपीओ ने कहा इस प्रकार के रेस्टोरेंट्स खुलने से सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। इसके अलावा शहर के लोग भी इस जगह पर आकर व्यंजन का लुफ्त उठा सकते हैं वही रेस्टोरेंट्स के संचालक ने बताया रेस्टोरेंट में बर्थडे, शादी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे वही परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला भी लगाया गया है इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौने भी उपलब्ध हैं। वहीं बताया कि नाश्ता के साथ-साथ भोजन के भी व्यवस्था है। इस अवसर पर विनय लाल, केडीएन सिंह, दामोदर कसेरा, सुशील सिंह, डॉ हेमंत, डॉ अंगराज, रामप्रताप साहू, मुकेश राम, कमलेश कुमार, अनुपमा कुमारी, जुगनू देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बीए फाइनल के छात्र ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** बीए फाइनल ईयर के एक छात्र ने घर के धरान में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। छात्र प्रमोद मिंज (25) चैनपुर के परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में बीए फाइनल ईयर का छात्र था। रविवार रात प्रमोद मिंज ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह परिजन जब उसे उठाने गए तो देखा कि वह फांसी के फंदे में लटका हुआ है। चैनपुर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**प्रेस कांफ्रेंस :** गुमला पॉलिटेक्निक में नये सत्र में नामांकन शुरू

# विद्यार्थियों को संस्थान देगा 55 लाख की छात्रवृत्ति

**सत्र 2023-24 में नामांकन के लिए स्थानीय गुमला पॉलिटेक्निक संस्थान ने इस वर्ष कई अत्यंत लाभकारी योजनायें बनायी हैं**




आजाद सिपाही संवादाता

**गुमला।** जिला के छात्रों को तकनीकी शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। और न ही किसी भी होनहार छात्र को पैसों की कमी के कारण पढाई से वंचित होना पड़ेगा। सत्र 2023-24 में नामांकन के लिए स्थानीय गुमला पॉलिटेक्निक संस्थान ने इस वर्ष कई अत्यंत लाभकारी योजनायें बनाई हैं। जिससे अभिभावक बड़ी आसानी से अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा दिलाकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा कर पाएंगे। गुमला पॉलिटेक्निक में सत्र 2023-24 में डिप्लोमा इंजीनियरिंग संकाय के सभी विभाग सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, ऑटोमोबाइल एवं माइनिंग साथ ही डिग्री कोर्स बीसीए में नामांकन शुरू हो चूका है। नामांकन के लिए सभी विभागों में मात्र 60-60 सीट उपलब्ध हैं। तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए पहली योजना है 'कौशल सुरक्षा योजना', जिसमें कुल सीटों की संख्या 80 है। इस योजना में छात्रों को 8 हजार मूल्य का विद्यार्थी किट बिलकुल मुफ्त दिया जाएगा। साथ ही 9 हजार मूल्य का फाइव जी स्मार्ट फोन भी निःशुल्क दिया जायेगा। इस योजना के कुल सलाना फीस को 4 किस्तों में देने की सुविधा होगी। दूसरी योजना है 'कौशल उज्ज्वला मासिक योजना', जिसमें सीटों की संख्या 99 है। इस योजना में विद्यार्थी किट आधे मूल्य पर मिलेगा और कुल सालाना फीस को 12 किस्तों में देने की सुविधा होगी।

दो वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) के लिए पहली योजना है 'कौशल सुरक्षा योजना', जिसमें कुल सीटों की संख्या 100 है। इस योजना में विद्यार्थी किट पर 40% की छूट मिलेगी साथ ही कुल सालाना फीस का 30% राशि संस्थान द्वारा छात्रवृति के रूप में दी जाएगी। शेष राशि को चार किस्तों में दिया जा सकेगा। लैटरल एंट्री के लिए दूसरी योजना है 'कौशल उज्ज्वला मासिक योजना', जिसमें सीटों की संख्या 71 है। इस योजना में छात्रों को कुल सालाना फीस का 25% राशि संस्थान द्वारा छात्रवृत्ति के रूप में दी जाएगी और कुल सालाना फीस को 11 किस्तों में देने की सुविधा होगी। तीन वर्षीय डिग्री कोर्स बीसीए के लिए पहली योजना है 'कौशल योजना', जिसमे कुल सीटों की संख्या 40 है। इस योजना में छात्रों को 8 हजार मूल्य का विद्यार्थी कीट बिलकुल मुफ्त दिया जाएगा। इस योजना के कुल सलाना फीस को 4 किस्तों में देने की सुविधा होगी। दूसरी योजना है 'उज्ज्वला मासिक योजना', जिसमें सीटों की संख्या 20 है। इस योजना में विद्यार्थी किट आधे मूल्य पर मिलेगा और कुल सालाना फीस को 12 किस्तों में देने की सुविधा होगी। इन सभी योजनाओं के अलावा एक और योजना है 'कौशल छात्रवृत्ति योजना' जिसमें सीटों की संख्या 70 है। यह योजना केवल एसटी, एससी, ओबीसी छात्रों के लिए है। जो झारखण्ड सरकार के पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए योग्य हों। इस योजना के अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अतिरिक्त संस्थान द्वारा भी छात्र को 30% छात्रवृति दी जाएगी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बसिया प्रखंड सभागार में जिला स्तरीय टीम का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को बसिया प्रखंड सभागार में जिला स्तरीय टीम का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत के विकास योजना के अंतर्गत भी पीआरपी, बाल सभा, महिला सभा एवं केंद्र द्वारा संचालित प्रमुख योजना को एकीकृत करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को प्रशिक्षण के प्रथम दिन का सत्र का उद्घाटन जिला पंचायती राज पदाधिकारी गुमला सुषमा नीलिमा सोरेंग, जिला परिवहन पदाधिकारी बिजय बिरूवा, बीडीओ बसिया रविन्द्र कुमार गुप्ता, बीडीओ पालकोट डॉ मनीष कुमार, अंचल अधिकारी बिशुनपुर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस प्रशिक्षण में गुमला जिला के सभी प्रखंड के पदाधिकारी, पंचायत सचिव व मुखिया भाग ले रहे हैं। मौके पर डीपीएम शशि किरण मिंज, राज्य प्रशिक्षक त्रिलोक कुमार कर्ण उपस्थित थे।

## सिसई पुलिस ने 260 ग्राम गांजा के साथ किराना दुकानदार को किया गिरफ्तार



**सिसई (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना के आधार पर सिसई पुलिस ने 260 ग्राम अवैध गांजा के साथ सिसई बस्ती निवासी जगरनाथ साहू (36) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बावत एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि रविवार शाम को सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी को गुप्त सूचना मिली कि सिसई बस्ती निवासी जगरनाथ साहू के द्वारा अपने किराने की दुकान में अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री की जाती है। थाना प्रभारी द्वारा वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना देते हुए जगरनाथ साहू के घर पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान जगरनाथ साहू की दुकान पर मौजूद तीन-चार लोग पुलिस के देखते ही भाग गए। इसी दौरान एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल भी मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान जगरनाथ के पॉकेट से चार पुड़िया में गांजा बरामद किया गया। दुकान की तलाशी में दुकान में प्लास्टिक थैला में रखा गया गांजा भी बरामद किया गया। पूछताछ में जगरनाथ द्वारा पुड़िया बना कर गांजा बेचने की बात स्वीकार की गयी। जिसके उपरांत जगरनाथ साहू को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

## चैनपुर पुलिस ने अवैध बॉक्साइट खनन एवं परिवहन करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लुपुंगपाठ गांव से पुलिस ने अवैध बॉक्साइट खनन एवं परिवहन करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में चैनपुर थाने में कार्यपालक दंडाधिकारी सुशील खाखा, सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव एवं थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस जानकारी दी गयी कि 19 मई को पुलिस अधीक्षक गुमला के आदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी गुमला सह चैनपुर के नेतृत्व में जिला खनन पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी चैनपुर, अंचलाधिकारी चैनपुर, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के साथ लुपुंगपाठ गांव में अवैध उत्खनन के विरुद्ध छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में मौके पर विजय कुमार सिंह से पूछताछ के बाद अवैध रूप से बॉक्साइट खनन एवं परिवहन के आरोप में विजय सिंह, प्रभात सिंह, शिव एक्का एवं बीएन मिश्रा के विरुद्ध कांड अंकित किया गया। वहीं सोमवार को विजय कुमार सिंह पिता राजेंद्र सिंह, थाना पांकी, पवन कुमार प्रभात उर्फ प्रभात सिंह पिता स्व. इंद्रदेव प्रसाद सिंह, ग्राम पावर गंज, लोहरदगा एवं विनोदानंद मिश्रा उर्फ बीएन मिश्रा, ग्राम किस्को को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## बिशुनपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन 30 को

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आगामी 30 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त की जानकारी बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने दी। उन्होंने बताया कि गुमला एसडीओ के निर्देश पर बिशुनपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। क्योंकि इन दिनों गुमला के ब्लड बैंक में खून की कमी हो गई है। साथ ही जिले के एनीमिक मरीजों को खून की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में ब्लड की आपूर्ति के लिए 30 मई को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में बिशुनपुर प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि एवं सभी विभाग के लोग तथा प्रखंड के पत्रकार साथियों से भी भाग लेने की अपील की गई है। साथ ही शिविर को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रखंड प्रशासन प्रयास कर रहा है ताकि बिशुनपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोग रक्तदान कर सकें। मौके पर सीओ धनंजय पाठक ने कहा कि रक्तदान करना बहुत पुण्य का काम है आपके एक यूनिट रक्तदान से किसी की जिंदगी बच सकती है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। साथ ही नया ब्लड बनता है जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए ब्लड दान करना चाहिए इससे अपना शरीर बिल्कुल स्वस्थ रहता है, साथ ही किसी की जिंदगी बन जाती है।

## दुष्कर्म में शामिल आरोपियों को मिले फांसी की सजा : राजीव



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा गांव में बीते गुरुवार की रात दलित छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना की समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कड़े स्वर में निंदा की है। उन्होंने कहा कि 16 वर्षीय दलित छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने संपूर्ण क्षेत्र में मानवता को शर्मसार किया है। इसमें शामिल आरोपियों को अविलंब पुलिस प्रशासन गिरफ्तार कर फांसी की सजा दे। उन्होंने कहा है कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले जिसे ऐसी घटना की पूर्ण आवृत्ति कभी ना हो।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार की अदालत ने सुनाया फैसला

## हत्या के दोषी को उम्रकैद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला ब्यवहार न्यायालय के प्रथम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम सन्तोष कुमार की अदालत ने वृद्ध दंपति की हत्याकांड के आरोपी कुंड मोहल्ला डाल्टनगंज निवासी शिवम पाण्डेय को दोषी पाए जाने पर सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया हैं। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को दो साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। बतातें चलें कि इस मामले में 12 अगस्त 2021 को शहर थाना में सूचक अरुण कुमार की ओर से अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि उनके पैतृक आवास कुंड मोहल्ला सूचक के पिता राजेश्वर नाम (82) और उनकी मां शर्मिला देवी (75) रहते थे। 12 अगस्त 2021 को उसके छोटे भाई ने रांची से मोबाइल पर सूचना दी कि माता-पिता के साथ कोई घटना हुई है। इसकी सूचना मिलने पर सूचक जब अपने पैतृक आवास कुंड मोहल्ला पहुंचा तो पाया कि उनके पिता राजेश्वर राम की और उनकी माता शर्मिला देवी मृत पड़ी थी। इस संबंध में सूचक ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध शहर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई। पुलिस अनुसंधान, सीसीटीवी कैमरा तथा फॉरेंसिक जांच की टीम के निष्कर्ष के तत्पश्चात आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए शिवम पांडेय को उम्रकैद की सजा सुनाई हैं।

## चालक नो पार्किंग जोन में अपने वाहन खड़ा न करें : नगर आयुक्त



-नगर आयुक्त ने कोयल रिवर फ्रंट परिसर में खड़ी बाइक को नगर आयुक्त ने किया जब्त
-कहा- निगम क्षेत्र को साफ व स्वच्छ बनाने में नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त रवि आनंद ने मेदिनीनगर के कोयल रिवर फ्रंट परिसर के अंदर पार्क की गयी बाइक को रविवार शाम जब्त कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया। बता दें कि कोयल रिवर फ्रंट परिसर के अंदर वाहन पार्क करने की सख्त मनाही है।आये दिन कोयल रिवर फ्रंट परिसर में अनावश्यक रूप से वाहन खड़ी कर दी जाती है। जिसके मद्देनजर नगर आयुक्त ने यह कार्रवाई की है। इस बाबत नगर आयुक्त रवि आनंद ने बताया कि शहर में नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर वाहन जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोंगो से अपील किया कि कोयल रिवर फ्रंट परिसर के आस पास कचरा न फैलाएं, इसे साफ व स्वच्छ रखें ये हमारी नैतिक जिम्मेवारी होनी चाहिए। नगर निगम क्षेत्र को सुंदर व स्वच्छ बनाने में नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें ताकि हम स्वच्छ वातावरण का सुखद लाभ ले सके।

## नामजद फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आरोपित के घर पर इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने झरी बरवाडीह गांव में कांड संख्या 274/21 के नामजद फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया है। अनुसंधानकर्ता एएसआई राम बालक सोरेन ने बताया कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरी बरवाडीह गांव निवासी सर्वजीत कुमार सिंह करीब दो साल से फरार चल रहा है। इसके खिलाफ भारतीय दंडविधि की धारा 406, 420 व 34 के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया है।

## नौडीहा बाजार प्रखंड में हुई बीस सूत्री की बैठक में उठा बालू की कमी का मुद्दा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार/पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड सभागार में सोमवार को बीस सूत्री की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान और संचालन बीडीओ सह बीस सूत्री सचिव जितेंद्र कुमार मंडल ने किया। बैठक में विभागों से बारी बारी से समीक्षा करते हुए सदस्यों ने बालू की समस्या से सदन को अवगत कराते हुए कहा कि लोग 3000 रुपए प्रति ट्रेक्टर बालू खरीद रहे हैं जिस पर बीडीओ ने बताया कि मैं चार नदी को लीज के लिए खनन विभाग को लिखा हूं और अभी खनन विभाग द्वारा कोई आदेश नहीं आया है। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल सिंह बताया कि ग्रीन कार्ड धारकों को माह नवंबर का 70 फीसदी राशन आया हुआ है। अध्यक्ष उदय पासवान ने चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरिफ से पूछा कि जब आपका योगदान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरईडीह में हुआ है तो आप छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में डियूटी कैसे करते है। इस पर डॉ आरिफ ने कहा कि मुझे जैसा प्रभारी का आदेश होगा वहीं करेंगे। जिस पर प्रस्ताव लाया गया और प्रभारी को भेजा जाएगा कि जिस डॉक्टर की जहां पोस्टिंग है उन्हें वहां डियूटी करने दे। बाल विकास परियोजना विभाग में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका गीता चौरसिया को कड़ी हिदायत दी गई और कहा गया कि क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में बड़े पैमाने पर अनियमितता हो रही है। जिस पर बीडीओ ने कहा कि आप लोग वैसे आंगनबाड़ी केंद्र का रिपोर्ट मुझ तक भेजिए करवाई तो होगी ही।अगर वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जो बार-बार शिकायत मिलने पर सुधार नहीं हुआ तो सिधे बर्खास्त किया जाएगा। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान, उपाध्यक्ष अनवर अंसारी, सदस्य मो. परवेज आलम, नितिश कुमार, गजेन्द्र शर्मा, विनोद सिंह, आखरा देवी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल सिंह, मनरेगा बीपीओ दीपक कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरिफ, राजस्व कर्मचारी सुरेन्द्र कुमार, जगतनारायण राम,बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका गीता चौरसिया के साथ कई विभाग के अधिकारी थे।

## हुसैनाबाद के मिडिल स्कूल से कंप्यूटर उपकरण की हुई चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना के सामने स्थित मीडिल स्कूल से चोरो ने कंप्यूटर, इसके उपकरण व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिए, जिसका बाजार मूल्य करीब 50 हजार रुपए है। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि शहरी क्षेत्रों में चोरी होने से लोगों में भय है। उधर, पुलिस मामले की छानबीन कर चोरों का पता लगाने में जुट गयी है।

## वाहन के धक्के से साइकिल सवार दो मजदूर घायल, नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम की



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के सुलतानी गांव के समीप एनएच 98 पर सोमवार को बाराती वाहन के धक्के से साइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद आनन-फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बलरा गांव निवासी 50 वर्षीय निर्भय पासवान और 35 वर्षीय मृत्युंजय पासवान एक ही साइकिल पर सवार होकर फोरलेन निर्माण में लगे सुलतानी स्थित शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने जा रहे थे । इस बीच छतरपुर की ओर से आ रही बाराती वाहन ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे साइकिल पर सवार मजदूर निर्भय पासवान व मृत्युंजय पासवान गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग को जाम कर दिया । सूचना के बाद हरिहरगंज थाना एसआई निर्भय कुमार, पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान करीब एक घंटे तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा। एसआई निर्भय कुमार ने बताया कि वाहन को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। हालांकि चालक फरार है।

## पिछले विधानसभा चुनाव में डालटनगंज से चुनाव लड़कर झामुमो खो चुका है अपना जनाधार : बिट्टू

सत्ता में शामिल झामुमो गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर रही, वह अपनी डफली अपनी राग अलाप रही : कांग्रेस



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने आरोप लगाया कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस के साथ राजद की सरकार सत्ता में है। सत्ता में शामिल झामुमो गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर अपना डफली अपना राग अलाप रही है। बीते दिनों झामुमो के जिला इकाई की बैठक में आसन्न विधानसभा चुनाव में पलामू के सभी विधानसभा में प्रत्याशी देने और जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा का डालटनगंज विधानसभा से चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया है, जो गठबंधन धर्म का खुलेआम उल्लंघन है। बीते विधानसभा चुनाव में महागठबंधन से डालटनगंज विधानसभा,पांकी विधानसभा,विश्रामपुर विधानसभा से कांग्रेस और छतरपुर विधानसभा,हुसैनाबाद विधानसभा से राजद ने चुनाव लड़ा था। ऐसे में पलामू जिले में झामुमो की जिले के सभी पांच सीटों पर दावेदारी कहीं से उचित नहीं है। झामुमो को बचकाना बयान देने से बचाना चाहिए तथा बयान देने से पहले सौ बार सोचना चाहिए कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार है। गठबंधन में कौन सीट में कौन लड़ेगा इसका निर्णय केंद्र नेतृत्व करता है। झामुमो 2014 में डाल्टनगंज विधानसभा चुनाव लड़ कर अपना जनाधार देख लिया है। झारखंड में महागठबंधन की सरकार चल रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस और राजद मिलकर इस प्रदेश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहे है उसके बाद भी झामुमो के द्वारा ऐसा बयान आता है तो निश्चित रूप से सोचने का विषय बन जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि झामुमो विपक्षी भाजपानीत एनडीए गठबंधन को आसन्न विधानसभा चुनाव में लाभ देने के लिए ऐसा निर्णय लिया है। मैं इस मामले को प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष उठाऊंगा।

## स्पोर्ट्स



कृष्णानगर कॉलोनी स्थित दयालबाग में रविवार की रात दो फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर जेएमी लायंस और गेम चेंजर की टीम विजेता बनने के साथ ही बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट का खिताब भी जीत लिया।

### 13 मई से आयोजित हुए टूर्नामेंट का रविवार की रात हुआ समापन, 700 दर्शकों ने उठाया मैच का आनंद

## बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग की विजेता बनी जेएमडी लायंस और गेम चेंजर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित दयालबाग में रविवार की देर रात को हुए फाइनल मुकाबले में जेएमडी लायंस की टीम ने अंतिम गेंद तक खेले गए मैच में रांची सनराइजर्स की टीम को 8 रनों से हराकर बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-6 का खिताब जीत लिया। रांची सनराइजर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। जेएमडी लायंस की टीम ने कनिष्का गाबा के शानदार 22 रन और कप्तान प्रथम अरोड़ा के 5 गेंदों में दो छक्कों के साथ बनाए 13 रन के सहारे विरोधी टीम के सामने 60 रनों का लक्ष्य रखा. जिसका पीछा करने उतरी रांची सनराइजर्स की टीम ने अंतिम गेंद तक संघर्ष किया लेकिन प्रथम अरोड़ा की धारदार गेंदबाजी और आकाश कुक्कड़ के सटीक अंतिम ओवर के कारण सिर्फ 51 रन ही बना सकी और यह मैच 8 रनों से हार गई। जेएमडी लायंस के प्रथम अरोड़ा को फाइनल का मैन ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं, जूनियर सीजन वन के फाइनल मुकाबले में गेम चेंजर और रूल ब्रेकर्स के बीच मुकाबला हुआ। गेम चेंजर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बनाएं और रूल ब्रेकर्स की टीम को 38 रनों पर आउट कर 18 रनों से मैच जीतने के साथ ही सीजन वन का खिताब भी हासिल किया। गेम चेंजर्स के निश्चय मुंजाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल के रंगारंग आयोजन में सीनियर वर्ग की दोनों फाइनलिस्ट रांची सनराइजर्स और जेएमडी लायंस के खिलाड़ियों को आईपीएल की तर्ज पर क्रैकर्स के साथ रेड कारपेट इंट्री कराई गई। फाइनल मैच से पहले समाज के मोहित गखड़ और गिटारिस्ट कौशल पाठक के लाइव बैंड ने एक के बाद एक गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वहीं, पुरस्कार वितरण में जूनियर वर्ग के निश्चय मुंजाल प्लेयर ऑफ द टूनामेंट बने। इस पुरस्कार टूर्नामिंट के हिस्सा रहे स्व.समीर मादनपोत्रा की स्मृति में उनके पिता राजकुमार मादनपोत्रा के हाथों प्रदान किया गया। सीनियर वर्ग में मिलन गिरधर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बेस्ट कैच का अवार्ड आरव मिढ़ा को दिया गया। जबकि बेस्ट बॉलर का खिताब गौरव अरोड़ा और बेस्ट बैटर का खिताब राहुल तलेजा को मिला। आयुष काठपाल को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। फेयरप्ले अवार्ड गोल्डन इगल्स की टीम को दिया गया। टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजक वुडक्राफ्ट्स के प्रतिनिधि सोनू पपनेजा, संस्था के संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा, अध्यक्ष ललित किंगर एवं सचिव अश्विनी सुखीजा ने संयुक्त रूप से विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजक वुडक्राफ्ट्स के प्रतिनिधि सोनू पपनेजा को स्पेशल मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट में नरेश पपनेजा ने मुख्य कमेंटेटर की भूमिका निभाई और उनका साथ अश्विनी सुखीजा और विकास घई ने सहयोगी कॉमेंटेटर के तौर पर दिया। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि 13 से 21 मई तक चले इस टूर्नामेंट के सभी मैच फ्लस लाइट्स में खेले गए और इस बार डीआरएस का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया। फाइनल मैच के दिन दयालबाग दर्शकों से खचाखच भरा रहा। संस्था की ओर से सभी दर्शकों के बीच आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस मुकाबले को देखने के लिए लगभग 700 दर्शक मैदान में देर रात तक बने रहे। संस्था की ओर से दर्शकों की सुविधा के लिए मैदान के बाहर फूड कोर्ट की व्यवस्था भी की गई थी जहां पूरे टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों ने खाने-पीने के व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

सस्ता के संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा ने सभी खिलाडियों को जीत की बधाई दी और इसी तरह अनुशासन का पालन करने को कहा। वहीं, संस्था के अध्यक्ष ललित किंगर ने इसे बेहद सफल आयोजन बताते हुए आयोजक मंडली की प्रशंसा की। सचिव अश्विनी सुखीजा ने सभी सहयोगियों का आभार जताया और भविष्य में इससे भी बेहतर आयोजन का भरोसा दिलाया

## विधायक कमलेश कुमार की ओर से गयी चादरपोशी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दाता नगर स्थित दाता पीर बक्श रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के मौके पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह की ओर से चादरपोशी की गई व फातेहा दिया गया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, जिला अध्यक्ष हाजी मो अब्बास अंसारी, रहमान राइन, जिशान हसन, गुड्डू सिंह, संतोष सिंह,पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम आदि ने दाता पीर रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्र की उन्नति, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके पूर्व सभी नेताओं को अंबेडकर चौक के समीप राइन कमेटी की ओर से पगड़ी बांध कर इन्हें सम्मानित किया गया।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दरुआ बेनी पंचायत के बुलंद बीघा गांव में आयोजित पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि यह महानुष्ठान देश के चर्चित महान संत पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में पूरी होगी। साथ ही मंगलवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### विस्थापितों को पुनर्वास के लिए जमीन मुहैया कराने को लेकर की गयी चर्चा

# सरकारी अधिकारी-कर्मी लोगों के काम सेवा भाव के साथ करें: अपर्णा

**निरसा विधायक ने की सीओ और बीडीओ के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** एग्यारकुंड अंचल कार्यालय में रेलवे की ओर से मेढ़ा, मैथन मोड़, शिवलीबारी मध्य, एग्यारकुंड के विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने सोमवार को सीओ और बीडीओ के साथ बैठक की। इस दौरान विधायक ने रेलवे द्वारा विस्थापित गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को झारखंड सरकार से बसाने की मांग की। इसके अलावे अंचल कार्यालय में जमीन म्यूटेशन में देरी एवं प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण सहित अन्य विकास योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने की बात कही। विधायिका ने कहा कि काम में देरी होने से लोगों में आक्रोश हैं। कर्मचारी आम जनता का काम सेवा भावना से करें। इस पर अंचल अधिकारी अमृता कुमारी ने कहा कि पहले काम में देरी हो रही थी, लेकिन अब हम लोगों ने मिलकर काम में तेजी लाया है। विस्थापितों को बसाने के लिए सरकारी भूमि को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही यह जमीनी स्तर पर दिखेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी, उपाध्यक्ष पवन कर्ण महामंत्री अजय चौधरी, छोटन पासवान, श्रीराम वारी, रवि वर्मा, विकी कुमार, कमलेश सिंह, सोमेन सिंह, टिंकू साह ,संजय गुप्ता आदि मौजूद थे।


सीओ-बीडीओ के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक करती निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता।

## धनबाद में आसमान से बरस रहे अंगारे, पारा 42 पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में मई महीने में भी आसमान से अंगारे बरस रहे हैं। दिन के 10 बजे से ही सूरज की तपन से लोग बेहाल हो जा रहे हैं। शहर की व्यस्ततम सड़कें सुनी हो जा रही है। दोपहर 12 से शाम के लगभग छह बजे तक गर्म हवा चल रही और तापमान चढ़ा रहा। सूर्यास्त के बाद भी गर्म हवा का चलना जारी रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को शहर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा, जो रविवार के अधिकतम तापमान 43 डिग्री से हालांकि एक डिग्री कम रहा। इस समय पूर्वी बिहार से छत्तीसगढ़ तक ट्रफ बना हुआ है। मौसम शुष्क है इसलिए तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। तापमान में बढ़ोतरी जारी रहने का अनुमान है। वहीं, शहर में लगातार हो बिजली कटौती ने भी लोगों को परेशान कर रखा है। धनबाद जिले में प्रतिदिन आठ से 10 घंटे तक की बिजली कटौती की जा रही है। इस कारण एक तरफ तपती गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है, तो दूसरी तरफ बिजली व्यवस्था भी चरमराई हुई है। शहर से लेकर गांव तक के लोग परेशान हैं।

बतातें चलें कि डीवीसी के चार सर्किट में शनिवार को आई खराबी को देर रात ठीक किया गया, लेकिन स्थिति सामान्य नहीं हो पाई। 15 घंटे से अधिक समय तक ब्रेकडाउन के कारण बिजली आती-जाती रही। रोटेशन के आधार पर बिजल बहाल करने का प्रयास किया गया, लेकिन राहत नहीं मिली। जेबीवीएनएल के अधिकारी व कर्मचारी बिजली व्यवस्था ठीक करने के लिए रात-दिन परेशान रहे। वहीं, धनबाद के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि कोडरमा उत्पादन यूनिट में भी दिकतें आ गई थी, जिस कारण परेशानी हुई। फिलहाल समस्या को दुरुस्त कर लिया गया है। मांग के अनुसार बिजली मिल रही है।

### पश्चिमी विक्षोभ से बदल सकता है मौसम का रंग

मौसम विभाग की मानें तो मंगलवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इससे बादलों की आवाजाही से बारिश की हल्की बौछार की स्थिति बन सकती है।

## बिजली कटौती से परेशान लोगों ने काला बिल्ला लगा जताया विरोध



**झरिया (आजाद सिपाही)।** धनबाद निर्माण संस्था के कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को झरिया कपड़ापट्टी में हुई। जिसमें झरिया शहर में बिजली आपूर्ति में भारी अनियमितता का विरोध किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस भीषण गर्मी में झरिया आपूर्ति प्रमंडल द्वारा 15 घंटे की कटौती से आम लोग त्रस्त हैं। व्यापार व व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। नियामक आयोग के टैरिफ का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। लोगों के प्रतिभूति राशी पर ब्याज नहीं दिया जा रहा है। अधिकारी मस्त हैं और जनता त्रस्त है। वहीं, आरटीआइ के तहत धनबाद निर्माण के सह संयोजक शिव चरण शर्मा ने नियामक आयोग से सूचना प्राप्त करने को पत्र लिखा है। वक्ताओं ने अधिकारियों से मांग की कि बिजली आपूर्ति में विभाग अविलंब सुधार करे। ऐसा नहीं करने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर उपेंद्र गुप्ता, शिव चरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ट, अनुप साव, अमित साहू, दीपू, सत्यनारायण भोजगड़ीया, मनोहर कनोई, नरेंद्र छावड़ा, बंसल अग्रवाल, प्रदीप तुलसयान, चैतन्य ठक्कर, संजय कुमार गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अनुप अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, दैवी बगड़ीया थे। इस दौरान बिजली के बिगड़ी स्थिती के प्रतिवाद में धनबाद निर्माण के सदसयों ने काला बिल्ला लगाकर पूरे शहर का भ्रमण किया।

## वृद्धा सुमित्रा साहा के निधन पर लालमणि सेवा आश्रम में शोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आश्रय लेने वाली दुगार्पुर की सुमित्रा साहा का सोमवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। इससे पूरा आश्रम परिवार शोकाकुल हो गया। वो पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। कुछ दिन पूर्व आश्रम प्रबंधन ने इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार को सदर अस्पताल धनबाद में आश्रम की वृद्ध माता ने अंतिम सांस ली। इनका अंतिम संस्कार लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के समीप किया गया। वहीं, निधन की सूचना पाकर आश्रम के अन्य वृद्ध माता-पिता दुखी और गमगीन हो गए। आश्रम में आश्रय लेने वाले वृद्ध अशोक कुमार ने बताया इस उम्र में हम सभी लोगों के साथ रहने वाली सुमित्रा बहन को खोने का हम सभी को गहरा दुख है। आश्रम के व्हाट्सएप ग्रुप में भी सदस्यों ने सुमित्रा साहा के निधन पर शोक जताया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समाजसेवी ओमकार मिश्रा ने बताया कि आश्रम की एक और वृद्ध माता सदर अस्पताल में इलाजरत है जिनको स्वस्थ होने को लेकर आश्रम प्रबंधन चिंतित हैं एवं प्रयास कर रहे हैं। आश्रम प्रबंधन मजबूती के साथ वृद्धजनों के दुख-सुख ,स्वास्थ्य, एवं उनके जीवन पर्यंत सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। स्व सुमित्रा के अंतिम संस्कार में समाजसेवी ओंकार मिश्रा, समाजसेवी कुमार मधुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता प्रशांत वर्मा, आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी, केयरटेकर सुबल सिंह और शांति देवी आदि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से 136 आउटसोर्स कर्मी हुए बेरोजगार: जगदीश

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आउटसोर्स पर बहाल 136 कर्मियों को हटाने के विरोध में जारी हड़ताल के तीसरे दिन सोमवार को आंदोलनरत कर्मियों के समर्थन में मासस नेता कॉमरेड जगदीश रवानी धरनास्थल पर पहुंचे। आंदोलन को हक की लड़ाई बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य मुख्यालय की लापरवाही से आज 136 कर्मी बेरोजगार हो गए है। इनके परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेंगे। अगर स्वास्थ्य मुख्यालय पुर्नविचार कर सभी आउटसोर्सिंग कर्मियो को पुनः बहाल नहीं करता है तो मासस इनके हक और अधिकार के लिए जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, गुरुपदो कुंभकार, सुजीत गोराइ और मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## कतरास डीएवी महिला कॉलेज की दर्जनों छात्राओं ने थामा एनएसयूआइ का दामन



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास डीएवी महिला कॉलेज की दर्जनों छात्राओं ने सोमवार को एनएसयूआई का दामन थाम लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जबकि संचालन कतरास कॉलेज की उपाध्यक्ष निकिता मोदक और सचिव संगीता कुमारी ने किया। इस दौरान कॉलेज में एनएसयूआई टीम का गठन किया गया। कॉलेज संयोजक में सोनाली वर्मा, संजना कुमारी, रेखा कुमारी, खुशी कुमारी, मुस्कान कुमारी को बनाया गया। साथ ही सह सयोजक में निशा, मुस्कान, शीतल, अनिता, अंजली, चंदा कुमारी, रिचा कुमारी, सरिता कुमारी और तमन्ना खातून को नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने सभी छात्राओं का स्वागत कर एनएसयूआई से परिचित कराते हुए संगठन के छात्र हित में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को भी बताया। आगे किस प्रकार छात्रहित में कार्य किया जाना है इस विषय पर भी जानकारी दी। वहीं कतरास कॉलेज उपाध्यक्ष निकिता मोदक एवं सचिव संगीता कुमारी ने सभी छात्राओं को अपना अनुभव बताते हुए महिला सशक्तिकरण की बात कही। कहा कि छात्राओं को भी आगे आकर समाजिक हित के कार्यों में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, विश्विद्यालय उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, जिला सचिव आकाश प्रमाणिक और चितरंजन सिंह, साहिल अली, आर्यन वर्मा, कॉलेज अध्यक्ष शिंकू खान, कार्यकारी अध्यक्ष तारिक अनवर, उपाध्यक्ष निकिता मोदक, महासचीव संगीता कुमारी, शोभा कुमारी, सचिव मो श्यूम, अमन, अफरोज, शोएब रैन और अरशद सैफ आदि उपस्थित थे।

## गोल टैलेंट्स एग्जाम में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जीटीएसई) धनबाद जोन की ओर से मेमको मोड़ स्थित गोल एम्पायर में रविवार को समारोह आयोजित कर धनबाद जोन से सभी क्वालीफाईड और अवार्ड विनर्स स्टूडेंट को सम्मानित किया गया। पिछले 13 वर्षों से इस परीक्षा का आयोजन पांच राज्यों में बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में किया जाता रहा है। जीटीएसई 2022-23 के दो चरणों के आयोजित इस परीक्षा के प्रथम चरण में जहां 26 हजार छात्रों ने भाग लिया। वहीं, मेन एग्जाम में लगभग 8,600 छात्र क्वालीफाई किये थे। सेमिनार के माध्यम से धनबाद जोन से चयनित सफल छात्रों को गोल संस्थान की ओर से लैपटॉप, टैब, रिस्टवॉच, बैग, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत छात्रों में प्रवीण-वर्ग 8 (टैब), कुश कुमार महतो-वर्ग 7 (वॉच), लुटनसेन-वर्ग 8 (वॉच), लक्ष्य आर्या-वर्ग 9 (वॉच), सृजनकुमार-वर्ग 10 (वॉच), सुशांत सिंह (बैग), शेखरझा (बैग), लवकुमार (बैग), अनुश्रीदत्ता (बैग), पल्लवी सुमन कुमारी (बैग), रूद्र राज (बैग), अबुतलहा (बैग), प्रीति कुमारी (बैग), स्यानसिन्हा, आर्दश कुमार, कुमारगौरव (बैग), सरित सिन्हा (बैग), उत्तमकुमार (बैग) दिया गया। इसके अलावा रिया कुमारी, अनुष्का कुमारी, अदित्या झा, राजू हेम्ब्रम, जुहीनाज बानो, आशुतोष कुमार, ईषीका चक्रवर्ती, आनंद राज, हर्षकुमार, अविनाश सोरेन, आशीष, शुभमगिरि, अजय किसकु, साजिद अंसारी, विक्रम कुमार, नम्या अग्रवाल, रिया कुमारी, कोरोना दे, सांची सुमन, हर्षिता राज, आर्या, वैश्वीकुमारी, राहुल देव गोप, सुदिप्ता सील आदि को मेडल, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि आज के इस प्रतिस्पर्धा युग में स्कूल की पढ़ाई के साथ छात्र प्रतियोगिता की भी तैयारी करते हैं। कहा कि पिछले 13 वर्षों में जीटीएसई में सफल हजारों छात्रों ने नीट, जेइइ, आइआइटी, सिविल सर्विसेज आदि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। वहीं, गोल धनबाद सेंटर के निदेशक संजय आनंद छात्रों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ही 28 से धनबाद में टारगेट बैच आदि शुरू होने की जानकारी दी।

### जिप की आंतरिक निधि से की गयी निरसा व एग्यारकुंड में 18 टैंकरों से जलापूर्ति

## जरूरत के हिसाब से बढ़ायी जायेगी टैंकरों की आपूर्ति, पानी की नहीं होगी कोई कमी: डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भीषण गर्मी के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है, जिसका समाधान करने के उद्देश्य से डीडीसी शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर सोमवार को जिला परिषद की आंतरिक निधि से निरसा व एगारकुंड प्रखंड में 18 टैंकर से पानी की आपूर्ति की गई। डीडीसी ने बताया कि इस दिन निरसा प्रखंड के तिलतोड़िया व मदनपुर में 2-2 और पांड्रा पश्चिम, बोलडीह, निरसा कांटा, यशपुर एवं सिमुलडांग में एक-एक टैंकर से पानी की आपूर्ति की गयी। वहीं एग्यारकुंड प्रखंड के गोपीनाथपुर मांझी टोला, गोपीनाथपुर बाउरी टोला, गोपीनाथपुर शिवडंगाल, शिवलीबाड़ी उत्तर, डूमरकुंडा उत्तर एवं डूमरकुंडा दक्षिण तथा नूतनग्राम में 8 टैंकर से पानी की सप्लाई की गई। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे आवश्यकता होगी वैसे-वैसे टैंकर की संख्या बढ़ाई जाएगी। अन्य पंचायतों में भी टैंकर से जलापूर्ति शुरू की जाएगी। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि जिले के लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान नहीं हो।


टैंकर से पानी लेते लोग।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़**

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–05/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय :– दिनांक 29/05/2023 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30/05/2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30/05/2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Providing railing in steps at Mahamaya Mandir (Mayatungri) Ramgarh | 14,99,000/- | 30,000/- | 2,500/- | 45 दिन |
| 2 | Civil work for the shifting of block-cum-circle office in Ramgarh SDM office (2nd floor) Ramgarh | 6,74,000/- | 14,000/- | 1,250/- | 30 दिन |
| 3 | Const. of Portico in DC Residence, Ramgarh | 7,66,700/- | 16,000/- | 1,250/- | 30 दिन |
| 4 | Repair & Renovation of Aaganbadi Kendra, Asnatola, Chattarmandu, Ramgarh | 9,60,210/- | 19,500/- | 1,250/- | 30 दिन |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

PR.NO.297967 Building(23-24):D
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल ,रामगढ़।



**कार्यालयः–जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार**
**संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206**
Email :- lateharda o@rediffmail.com

**लातेहार जिला के सभी बिरसा किसान भाईयों के लिए आवशयक सूचना**

हर्ष की बात है कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष 2023–24 में भी कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा चलाए जा रहे **"बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम तथा उत्पादन योजना"** अन्तर्गत किसानों को धान, मक्का, मडुवा एवं मूँग का बीज 50% अनुदान दर पर लैम्पस/पैक्स, कृषक उत्पादन संगठन (FPO) एवं अधिकृत बीज अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा Block Chain Technology के माध्यम से बीज का वितरण किया जायेगा है। इच्छुक किसान अपने आधार कार्ड एवं मोबाईल नं० के साथ निम्न दर से बीज प्राप्त कर सकते है। इस संबंध में अपने प्रखण्ड के BAO/BTM/ATM एवं कृषक मित्र से सम्पर्क कर सकते है।

| क्र० | फसल | प्रभेद | बीज की मात्रा (क्विंटल) में | स्वीकृत दर (रूपया/क्विंटल) | अनुदान की राशि (50%) (रूपया/क्विंटल) | कृषक अंशदान की राशि (50%) (रूपया/क्विंटल) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मडुवा | VL-352 | 25 | 8100 | 4050 | 4050 |
| 2 | मूंग | IPM 205-7(VIRAT) | 50 | 14000 | 7000 | 7000 |
| 3 | धान | IR-64(drt) | 500 | 3900 | 1950 | 1950 |
| 4 | धान | MTU-1010 | 300 | 3900 | 1950 | 1950 |
| 5 | मक्का | NMH-803 | 50 | 20900 | 10450 | 10450 |
| 6 | धान (संकर) | ARIZE-6444 | 400 | 35450 | 17725 | 17725 |
| 7 | धान (संकर) | AZ8433DT | 30 | 41000 | 20500 | 20500 |

PR 298003Agriculture(23-24)#D
जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(3rd Call)

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23** दिनांक 20.05.2023

| Sl.No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H .P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| (i) | **Shankardih group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 21)** | 1 | 1195675.00 | 24000.00 | 2500.00 | 03 Month |
| | Total :- | 1 No. | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 24.05.2023 / 12.30 P.M. | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | 24.05.2023 / 12.35 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | 31.05.2023 / 05.00 P.M. | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 01.06.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 02.06.2023 / 04.00 P.M. | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.298021 Drinking Water and Sanitation(23-24):D
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने पूछताछ में कबूला
# टॉप 10 टारगेट में सलमान थे, सबसे ऊपर मूसेवाला के मैनेजर का भी नाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी के सामने कबूला कि बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान उन 10 मुख्य लक्ष्यों की सूची में सबसे ऊपर है, जिन्हें गैंगस्टर ने खत्म करने की योजना बनाई थी। लॉरेंस बिश्नोई ने कहा कि वर्ष 1998 में, सलमान खान ने काले हिरण का शिकार किया, जिसे बिश्नोई समुदाय द्वारा पवित्र माना जाता है और समुदाय की आहत भावनाओं का बदला लेने के लिए गैंगस्टर ने कहा कि वह अभिनेता को मारना चाहता था।

**11 अप्रैल को सलमान को मौत की धमकी का फोन आया था :** बिश्नोई ने पिछले साल दिसंबर में एनआईए के सामने कबूल किया था कि उनके निर्देश पर उनके सहयोगी संपत नेहरा ने सलमान खान के मुंबई स्थित आवास की रेकी की थी। नेहरा को हालांकि हरियाणा पुलिस के विशेष बल ने गिरफ्तार कर लिया था। इस साल 11 अप्रैल को, खान को एक और मौत की धमकी का फोन आया, मुंबई पुलिस ने कहा, एक व्यक्ति को अभिनेता को धमकी भरा ईमेल भेजने के लिए हिरासत में लिया गया था। खान को मुंबई पुलिस द्वारा वाई + श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है क्योंकि अभिनेता को खतरे में माना जाता है। अभिनेता को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से धमकी भरा पत्र मिलने के बाद महाराष्ट्र राज्य सरकार ने यह कदम उठाया। बिश्नोई ने भी कबूल किया कि उसने वर्ष 2021 में कुख्यात गोगी गिरोह के लिए गोल्डी बराड़ के माध्यम से अमेरिका से दो 'जिगाना' अर्ध-स्वचालित पिस्तौलें खरीदी थीं। गिरोह के सदस्यों ने कथित तौर पर इसी साल 2 मई को तिहाड़ जेल की कोठरी के अंदर टिल्लू ताजपुरिया पर हमला किया और उसकी हत्या कर दी।

# राज्यपाल प्रो गणेशीलाल ने तीन मंत्रियों को शपथ दिलायी







आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सोमाबार को महासमारोह में सोमवार को तीन नये मंत्रियों ने शपथ ली। इन तीनों मंत्रियों से विक्रम केशरी आरुख, सुदाम मारांडी और शारदा नायक हैं। राज्यपाल प्रोफेसर गणेशीलाल ने उन्हें शपथ दिलायी। उन्हें लोकसभा भवन के कन्वेंशन हॉल में शपथ दिलायी गयी।

इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और विधायक मौजूद थे. पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक सभी अतिथि एडीटोरियम पहुंच चुके थे। राज्यपाल के आने के बाद शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ। इन सभी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद विभाग का बंटवारा किया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विक्रम केशरी आरुख को वित्त विभाग, शारदा प्रसाद नाइक को श्रम विभाग और स्कूल एवं गण शिक्षा मंत्री सुदाम मारांडी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## किम्स के डॉक्टरों ने तीन महीने के बच्चे की सफल रेटिनल सर्जरी की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तीन महीने के बच्चे की सफल रेटिना सर्जरी करके कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) के डॉक्टरों ने खूब प्रशंसा बटोरी है। किम्स बाल रोग विभाग में भर्ती एक तीन महीने के बच्चे को एक डॉक्टर ने दृष्टिबाधित होने के संदेह के कारण रेटिनल स्क्रीनिंग के लिए रेफर कर दिया था। स्क्रीनिंग में डॉक्टरों ने पाया कि बच्चा पूरी तरह से देख नहीं पा रहा था, क्योंकि बच्चे की दृष्टि में अपेक्षा के अनुरूप सुधार नहीं हो रहा था।

नेत्र रोग विभाग के कंसल्टेंट रेटिना सर्जन डॉ मन्मथ कुमार दास के प्रयास से बच्चे का लेजर सिस्टम से इलाज किया गया और फिर डॉ.दास ने बच्चे की बायीं आंख की सर्जरी की। चूंकि बच्चा केवल तीन महीने का था, इसलिए ऐसी सर्जरी काफी जटिल और चुनौतीपूर्ण थी, तब डॉ दास के नेतृत्व में करीब पांच लोगों की मेडिकल टीम ने एक घंटे तक कड़ी मेहनत की और बच्चे की रेटिना की सर्जरी करने में सफल रही। सर्जरी के उपरांत अब बच्चा ठीक है और देख पा रहा है। डॉ दास ने कहा कि कीम्स में इस तरह की पहली सर्जरी हुई है। डॉ दास ने जानकारी दी है कि, एक मां स्वाभाविक रूप से 37 से 40 सप्ताह के बीच बच्चे को जन्म देती है। इससे कम समय में जन्म लेने वाले शिशुओं को प्रीमेच्योर कहा जाता है। यदि शिशु का वजन 1750 ग्राम से कम है तो इन शिशुओं में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं सामने आती हैं। उनमें से कई को दृष्टि हानि का खतरा है। यदि रेटिनल स्क्रीनिंग समय पर की जाए तो बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं का पता लगाया जा सकता है और सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है, जबकि इस उपचार में राज्य के बाहर अधिक खर्च आता है, यह कीम्स में कम लागत पर किया जा सकता है। सर्जरी के बाद बच्चे के माता-पिता खुश हैं और डॉ दास और उनकी मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया है। किम्स में इस तरह की दुर्लभ और सफल सर्जरी के लिए किट, किस और किम्स के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने बच्चे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और सर्जन मन्मथ कुमार दास और उनकी पांच सदस्यीय मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया है।

# सोआ ने बेंगलुरु में शैक्षणिक-उद्योग सहभागिता का आयोजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** औद्योगिक क्षेत्र के लगभग 100 मानव संसाधन विशेषज्ञों ने 19 मई को बेंगलुरु में शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा आयोजित सोआ प्रॉक्सिमा 2023' में भाग लिया। इस आयोजन ने परिसर में भर्ती पेशेवरों को शिक्षा और उद्योग में सार्थक ज्ञान विनिमय और साझेदारी पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाया। कार्यक्रम में शामिल मानव संसाधन नेतृबृंद ने शिक्षा और उद्योग के बीच संबंधों के साथ अपने अनुभव साझा किये। सोआ के प्रो-चांसलर प्रो अमित बनर्जी ने इस अवसर पर आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के क्षेत्र में शिक्षा और उद्योग के बीच साझेदारी के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर सोआ के प्रमुख उद्योग एनगेजमेंट और कॉर्पोरेट संबंध के मुख्य रिप्ति रंजन दास ने हाल के वर्षों में रोजगार की तस्वीर पर प्रकाश डाला। उन्होंने उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों से भी चर्चा की। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च में कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रोफेसर शारदा पति ने डेटा प्रस्तुत किया कि कैसे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रम और उद्योग केंद्रित पाठ्यक्रम छात्रों को कुशल और उद्योग के लिए तैयार कर रहे हैं।

## अलकायदा के मॉड्यूल का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद से चार आतंकियों मोहम्मद सोजिब, मुन्ना खालिद अंसारी, अजहरुल इस्लाम अंसारी और मोमिनुल अंसारी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड, गुजरात के अधिकारी ने बताया कि चारों आतंकी अल-कायदा के सदस्य हैं। चारों बांग्लादेश के रहने वाले हैं, जो फिलहाल अहमदाबाद में रहते थे। गुजरात एटीएस दीपन भद्रन ने बताया कि चारों को भारत भेजे जाने से पहले बांग्लादेश में उनके कमांडरों ने ट्रेनिंग दी थी।

## प्रदेश में नहीं होगी डॉक्टरों की कमी : स्वास्थ्य मंत्री



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में डॉक्टरों के सभी रिक्त पद दिसंबर 2023 तक भरे जायेंगे। साथ ही 10 हजार पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती की जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री निरंजन पुजारी ने इसकी जानकारी दी। छह वर्षों में आठ नये मेडिकल कॉलेज और दो पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज स्थापित किये गये हैं। राज्य को हर साल 2200 नये डॉक्टर और 826 विशेषज्ञ मिल रहे हैं। प्रदेश में डॉक्टरों की कमी नहीं आने दी जायेगी। जनवरी 2024 से कटक एससीबी के एएमएस प्लस में रोगी सेवाएं उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना में 95.5 लाख परिवारों को शामिल किया गया है।

## 'गंदी बात' फेम एक्टर आदित्य सिंह राजपूत की मौत

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** 'गंदी बात' और 'स्प्लिट्सविला' फेम एक्टर और कास्टिंग डायरेक्टर आदित्य सिंह राजपूत ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। एक्टर की लाश सोमवार, 22 मई को उनके मुंबई के अंधेरी स्थित फ्लैट के बाथरूम से बरामद हुई। बिल्डिंग की 11वीं मंजिल पर रहने वाले आदित्य की लाश सबसे पहले उनके एक दोस्त ने देखी। रिपोर्ट की मानें तो, एक्टर बाथरूम में अचेत अवस्था में जमीन पर पड़े हुए थे। दोस्त ने आनन-फानन में वॉचमैन को इसकी खबर दी। एक्टर को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही आदित्य का निधन हो गया था।

BIS 100% Hall Marked Jewellery
अलंकार ज्वेलर्स
Mob :- 7488705225, 7992284114
हमसे सस्ता हमसे अच्छा कहीं नहीं
कोकर तिरिल रोड, रांची

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

Ranjeet Singh Kundan Singh Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684, 7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करें
जल ही जीवन
9931068883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें–
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

S M TOY & School Furniture
Old Bank Colony, RMCH Road Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park, Playazone, Mails, Backyard, Recreation Zone Society & Anganwadis
PROP. SANTOSH KUMAR 7503729696, 9205624569

FREE FRANCHISE Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163 I 8340320390
Perfect service
H:B ROAD KOKAR RANCHI JHARKHAND

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**